# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025



adani Foundation

## अदाणी फाउंडेशन का मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत 'स्वास्थ्य सेवा मंदिर' स्थापित करने का संकल्प।



### हमारे स्वास्थ्य मंदिरों में सेवा सदा सर्वोपरि होगी।

अदाणी में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेषाधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पाने का हकदार है। हम यह भी मानते हैं कि मेडिकल साइंस को आगे बढ़ाने और रोगियों के इलाज में बेहतर परिणाम पाने के लिए, लगातार सीखने और अनुसंधान की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।


हमें मुंबई और अहमदाबाद में एकीकृत स्वास्थ्य सेवा मंदिरों के स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। पूरे भारत में, ऐसे ही अनेक स्वास्थ्य सेवा मंदिरों की स्थापना करना हमारा लक्ष्य है। इसमें, अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे वर्ल्ड क्लास सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शैक्षणिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे, जिन्हें **मायो क्लिनिक** के परामर्श से विकसित किया जाएगा।

सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हेल्थ इकोसिस्टम में हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो इलाज, शिक्षा और अनुसंधान को एकीकृत करती है। इसे स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

- **क्षेत्र: 50 लाख वर्ग फुट**
- **छात्र: 2,000 मेडिकल छात्र**
- **अस्पताल क्षमता: 2,000 बेड**
- **20 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा**



Mumbai



Ahmedabad

## सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।

# संगम के पानी की गुणवत्ता पर बवाल, यूपी सरकार को फटकार

## एनजीटी ने योगी सरकार से एक सप्ताह में मांगी ताजी रिपोर्ट

*नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और उत्तर प्रदेश सरकार को इस बात के लिए फटकार लगाई है कि उन्होंने प्रयागराज में गंगा नदी के पानी में फीकल कोलीफॉर्म और ऑक्सीजन लेवल जैसे पानी के क्वालिटी पैरामीटर्स के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। ट्रिब्यूनल ने यीपीपीसीबी को गंगा यमुना में पानी की गुणवत्ता को लेकर एक हफ्ते में ताजा रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।*

### यह सुनिश्चित करें, कुंभ के दौरान पानी पीने और नहाने लायक हो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल और एक्सपर्ट सदस्य ए सेंथी वेल की बेंच दिसंबर के आदेश के अनुपालन पर मामले की सुनवाई कर रही थी। इसमें उसने उत्तर प्रदेश सरकार और सीपीसीबी को यह निश्चित करने का निर्देश दिया था कि कुंभ के दौरान गंगा और यमुना नदियों का पानी पीने और नहाने लायक हो। सोमवार को दिसंबर के आदेश के अनुपालन में सीपीसीबी ने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें दिखाया गया कि जनवरी के दूसरे हफ्ते में की गई निगरानी के दौरान फेकल कोलीफॉर्म और बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड का लेवल नहाने के मानदंडों को पूरा नहीं करता था। एनजीटी बेंच ने सोमवार को सीपीसीबी की रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया और कहा कि यूपीपीसीबी ने 23 दिसंबर के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल नहीं की।



#### यह है सीपीसीबी रिपोर्ट

कुंभ में गंगा में पानी की क्वालिटी पर सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया, 'पानी में फेकल कोलीफॉर्म का लेवल काफी ज्यादा पाया गया है। असल में जांच टीम ने कई जगहों पर पानी की जांच की थी, उस जांच के दौरान ही यह बात सामने आई कि पानी में फोकल कोलीफॉर्म की मात्रा काफी ज्यादा रही। इतना ही नहीं इसकी वजह भी बताई गई और कहा गया कि इस समय क्योंकि संगम में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं, उस वजह से फोकल कोलीफॉर्म की मात्रा बढ़ गई है।

### इधर योगी का दावा : संगम का पानी नहाने और आचमन के लिए उपयुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र में मंगलवार को इसी मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के विधायकों ने प्रदर्शन और हंगामा किया। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से दी गई पूरी टेस्टिंग रिपोर्ट को रखा। उन्होंने फेकल बैक्टीरिया की रिपोर्ट करते हुए पूरे मामले को महाकुंभ को बदनाम करने की साजिश बताया। योगी ने कहा, यह करोड़ लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ है। संगम का जल स्नान और आचमन लायक है।फेकल बैक्टीरिया रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में कहा कि त्रिवेणी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नालों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है।



## खबर संक्षेप

### मुदा केस : कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती बीएम को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुदा) भूमि आवंटन घोटाले में लोकायुक्त पुलिस से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को लोकायुक्त पुलिस ने हाईकोर्ट में अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।



### झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर बैन

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रदेश में गुटखा और पान मसाले की बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है।



### पाक : बंदूकधारियों का बस पर हमला, 7 को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आए दिन आतंकवादी और हथियारबंद हमलावर लोगों को निशाना बना रहे हैं। अब बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने एक बस पर हमला किया है। बस मंगलवार की देर रात लाहौर की तरफ जा रही थी। उसी वक्त कुछ हथियारबंद हमलावरों ने बस पर हमला कर दिया। इसमें सात लोगों की मौत हो गई है।



### व्हाइट हाउस ने 'इलीगल एलियन' टैग के साथ जारी किया वीडियो

# अमेरिका ने जंजीरों से जकड़े अप्रवासियों का वीडियो किया जारी, कहा- 'इलीगल एलियन'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों को लेकर बेहद सख्त नजर आ रहे हैं। अमेरिका भारत सहित कई देशों के अवैध प्रवासियों को उनके मुल्क भेज चुका है। इस बीच व्हाइट हाउस ने 'इलीगल एलियन' टैग के साथ हथकड़ियों में बंधे अवैध प्रवासियों का एक नया वीडियो पोस्ट किया है। व्हाइट हाउस के आधिकारिक पेज पर पोस्ट किए गए 41 सेकंड के इस वीडियो में डिपोर्ट किए जाने वाले शख्स का चेहरा नहीं दिखाया गया है लेकिन उसके हाथों हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर हथकड़ियां और चेन रखी देखी जा सकती हैं। वीडियो में शख्स प्लेन में चढ़ता दिखाई दे रहा है जिसके पैरों में बेड़ियां बंधी हुई हैं। व्हाइट हाउस ने इस वीडियो का कैप्शन दिया है- एएसएमआर : इलीगल एलियन डिपोर्टेशन फ्लाइट। ये कैप्शन एक तरह से अमेरिका से निकाले गए लोगों का मजाक उड़ाने जैसा है क्योंकि एएसएमआर वो आवाजें हैं जो तनाव कम करती हैं, सुकून देती हैं और दिमाग को रिलैक्स करती हैं। वीडियो अमेरिका के सिएटल का है। इस वीडियो में ये नहीं बताया गया कि ये किस देश के अप्रवासी नागरिक हैं।

#### खास बातें

- 41 सेकंड के इस वीडियो में नहीं दिखाया गया चेहरा
- अमेरिका ने ऐसे 18000 भारतीयों की हुई है शिनाख्त



#### पनामा के होटल में हिरासत में कई देशों के लोग

बता दें कि, अमेरिका से निर्वासित किए गए विभिन्न देशों के लगभग 300 लोगों को पनामा ने एक होटल में हिरासत में रखा है। अधिकारियों ने कहा कि 40 प्रतिशत से ज्यादा प्रवासी स्वेच्छा से अपने वतन नहीं लौटना चाहते हैं। होटल के कमरों की खिड़कियों पर इन प्रवासियों ने 'मदद करें' और 'हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं' जैसे संदेश लिख रखे हैं। ये प्रवासी ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन सहित अन्य देशों से हैं।

#### मस्क का रिएक्शन



एक्स के मालिक एलन मस्क का रिएक्शन भी इस वीडियो को लेकर सामने आया है। उन्होंने इस वीडियो पर रिएक्शन देते हुए लिखा, 'हा हा वाउ' चुनाव के समय से ही एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। इसके अलावा उन्होंने अवैध प्रवासियों को देश से निकलाने का भी समर्थन किया था।

#### महामानव की महाचुप्पी परेशान कर रही



इसी वॉइट हाउस के वीडियो को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी शेयर किया और लिखा, अमेरिका हर दिन भारत का अपमान कर रहा है। वॉइट हाउस हाथों में हथकड़ी, पैरों में बेड़ियां डालकर भारतीयों की तस्वीर जारी कर रहा है। महामानव की महाचुप्पी देश को परेशान कर रही है। 144 करोड़ भारतीयों का रहनुमा इतना संवेदनहीन कैसे हो सकता है? मोदी के मुंह से विरोध का एक शब्द क्यों नहीं?

#### भारत में आ चुके हैं 3 प्लेन

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन प्रोग्राम शुरू किया है। इस भारत और अमेरिका ने ऐसे लगभग 18000 भारतीयों की शिनाख्त की है, जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। अमेरिका अब तक कुल 335 अवैध भारतीयों को डिपोर्ट कर चुका है। अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिका का पहला मिलिट्री प्लेन पांच फरवरी को भारत पहुंचा था। इस प्लेन में 104 भारतीय सवार थे। अमेरिका से डिपोर्ट कर लाए गए भारतीयों को मेक्सिको-अमेरिकी सीमा से पकड़ा गया था। कहा जा रहा है कि ये भारत से वैध तरीके से रवाना हुए थे लेकिन इन्होंने डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश की थी। इसी तरह, 15 फरवरी को रात साढ़े 11 बजे अमेरिकी विमान 116 भारतीयों का दूसरा बैच लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था।वहीं 16 फरवरी को देर रात अमेरिकी विमान 112 भारतीयों का तीसरा बैच लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था।

### अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उठाया सवाल

# 'भारत के पास बहुत पैसा' हम 182 करोड़ क्यों दें?

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में मतदान को बढ़ाने के लिए मिलने वाली आर्थिक मदद पर सवाल उठाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपए) क्यों दे रहे हैं। उनके पास बहुत पैसा है। भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। हम मुश्किल से वहां पहुंच सकते हैं क्योंकि उनके टैरिफ़ बहुत ऊंचे हैं। बता दें कि ट्रम्प के सहयोगी इलॉन मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डोजे) ने शनिवार को बड़ा फैसला लिया था। मस्क ने भारत में मतदान को बढ़ाने के लिए मिलने वाली 182 करोड़ की फंडिंग रद्द कर दी। इस पर बुधवार को ट्रम्प ने प्रतिक्रिया दी है। ट्रम्प ने कहा-मैं भारत और उनके प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करता हूं लेकिन वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर क्यों देना?



#### अब भारत को नहीं मिलेगी फंडिंग

अमेरिका भारत में चुनावों के दौरान मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए दो करोड़ डॉलर देता था। लेकिन अब भारतीय चुनाव में अमेरिका से मिलने वाली फंडिंग भारत को नहीं मिलेगी। ट्रम्प कई बार भारत के बढ़े हुए टैरिफ को लेकर बयान दे चुके हैं। ट्रम्प कहा चुके हैं भारत सबसे अधिक टैरिफ लेने वाले देशों में शामिल है।

#### 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द

डोजे ने शनिवार को 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द की गई है। इस फंड में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। इसमें बांग्लादेश को मिलने वाली 251 करोड़ रुपए की फंडिंग भी शामिल है। यह फंड बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए दिया जा रहा था।

## ईडी ने कई राज्यों में मारे छापे

# आय से अधिक संपत्ति मामले में आईएएस के 7 ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2010 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने जम्मू, वाराणसी, पटना और गुरुग्राम सहित 7 स्थानों पर छापेमारी की है। इस दौरान अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और संपत्तियों से जुड़े कागजात बरामद किए हैं। राजीव रंजन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।



इससे पहले, सितंबर 2022 में भी ईडी ने आर्म्स लाइसेंस मामले में राजीव रंजन और अन्य अधिकारियों की 4.69 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। इस संपत्ति में बैंक खाते, प्लॉट और आवास शामिल थे। जांच के दौरान यह पाया गया था कि इन अधिकारियों ने अवैध रूप से आर्म्स लाइसेंस जारी करने के बदले में धन अर्जित किया था।

#### चंडीगढ़ स्पेशल क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

आर्म्स लाइसेंस मामले में सीबीआई की चंडीगढ़ स्पेशल क्राइम ब्रांच ने कुपवाड़ा जिले के तत्कालीन उपायुक्तों और अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी दी थी। सरकारी अधिकारियों पर आरोप था कि वे गन डीलरों और दलालों से सीधे अपने बैंक खातों में और अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में लाइसेंस जारी करने के लिए पैसे लेते थे। इस मामले में जम्मू-कश्मीर के कई स्थानों पर छापेमारी की गई थी।

# पाक को दी खुफिया जानकारी, 3 आरोपी गिरफ्तार

## एनआईए ने लिया एक्शन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने स्थानीय पुलिस की सहायता से मंगलवार को पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े विशाखापत्तनम जासूसी मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें नौसेना की संवेदनशील और गोपनीय रक्षा जानकारी शामिल थी। वेथन लक्ष्मण टंडेल और अक्षय रवि नाइक को कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले से पकड़ा गया, जबकि अभिलाष पी.ए। को केरल के कोच्चि से गिरफ्तार किया गया। तीनों की गिरफ्तारी के बाद मामले में अब तक कुल गिरफ्तारियां 8 हो गई हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के संपर्क में पाए गए।



**फरार पाकिस्तानी गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र :** एनआईए ने अब तक दो फरार पाकिस्तानी गुर्गों सहित पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह मामला मूल रूप से जनवरी 2021 में काउंटर इंटेलिजेंस सेल, आंध्र प्रदेश द्वारा आईपीसी की धारा 120 बी और 121 ए, यूए(पी) अधिनियम की धारा 17 और 18 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत दर्ज किया गया था।

### भारत ने यूएनएससी बैठक में लताड़ा

# पाकिस्तान का आतंकवाद से 'लड़ने' का दावा हास्यास्पद

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

भारत ने यूएनएससी मीटिंग में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। भारत ने कहा कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के माध्यम से आतंकी कृत्यों को बढ़ावा देता है। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने यह भी कहा कि यह एक विडंबना है जब 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' इस खतरे के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाता है। चीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार द्वारा मंगलवार को परिषद की खुली बहस में जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणी करने के बाद भारत ने जवाब दिया।



#### यह कैसी विडंबना

भारत के राजदूत ने कहा, 'यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। भारत जैश-ए-मोहम्मद और हरकत उल मुजाहिदीन जैसे कई अन्य आतंकवादी संगठनों के जरिये इस देश द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी संगठन और लोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की '1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति' के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं और उनकी संपत्ति जब्त की गई है, उनकी यात्रा पर प्रतिबंध हैं।'

#### पाक का जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा

भारतीय राजदूत ने कहा कि डार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए और परिषद का समय बर्बाद न किया जाए। हरीश ने साथ ही कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। वास्तव में यह पाकिस्तान है जिसने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा, 'गलत सूचना और भ्रामक जानकारी, झूठ और मिथ्या प्रचार के पाकिस्तान के अभियान जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते।'जम्मू-कश्मीर में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- सेंट्रल पूल में लिया जाएगा 70 लाख टन चावल
- राज्य का केंद्र से आग्रह बढ़ाएं चावल का कोटा

### नीलामी की प्रक्रिया शुरू

*मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि नीलामी के लिए टेंडर किया जाना है। इसके लिए प्लेटफार्म का चयन प्रक्रिया में है। फिलहाल 35 लाख मीटरिक टन धान को खुले बाजार में बेचने की प्रक्रिया चल रही है। उसके लिए प्लेटफार्म की तलाश जारी है। अगर केंद्र निर्धारित लिमिट से ज्यादा धान लेता है तो 35 लाख से कम भी किया जा सकता है।*



### कैबिनेट में होगा फैसला कितना धान करना है नीलाम

बताया गया है कि राज्य में एक्सेस मात्रा में मौजूद धान में से कितनी मात्रा में धान नीलामी के माध्यम से बेचा जाना है, इसका फैसला होगा। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 22 फरवरी को है। यह संभावना है कि इसी बैठक में नीलामी किए जाने वाले धान की मात्रा को लेकर फैसला कर शेष पेज 2 पर

बंपर खरीदी...

# मार्कफेड के एमडी ने कहा- हमारे पास 35 लाख मीट्रिक टन अधिक, खुले बाजार में करेंगे नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय सरकार के पास 35 लाख मीट्रिक टन धान जरूरत से अधिक मात्रा में है, यानी एक्सेस है। यह धान जल्द ही नीलामी के माध्यम से खुले बाजार में बेचने की तैयारी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार धान को बाजार में बेचने के पहले उसकी मात्रा तय करने के संबंध में राज्य मंत्रिपरिषद की शेष पेज 2 पर



### केंद्र से आग्रह, चावल का कोटा बढ़ाएं

धान की नालामी करने से पहले ही राज्य सरकार इस कोशिश में है कि केंद्र सरकार पूर्व से तय चावल का कोटा बढ़ाए। केंद्रीय पूल के लिए भारत सरकार ने पहले ही 70 लाख मीट्रिक टन चावल की मांग की है। इसके साथ ही राज्य पूल के लिए 14.30 लाख मीट्रिक टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम में जाना है। राज्य सरकार ने केंद्र से आग्रह किया है कि सेंट्रल पूल के लिए लिए जाने वाले चावल का कोटा बढ़ाया जाए। ऐसा होने से एक्सेस धान की खपत हो जाएगी। सरकार को भी कम मात्रा में चावल नीलाम करना पड़ेगा, लेकिन अभी केंद्र सरकार से अनुमति नहीं मिली है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानेश कुमार ने संभाला सीईसी का पदभार

**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में



पदभार ग्रहण किया, जबकि विवेक जोशी ने निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। ज्ञानेश कुमार मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया।

### मुठभेड़ में मारी गईं तीन महिला नक्सली

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली मारी गईं। मुठभेड़



सुबह जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर एक इलाके में हुई। हॉक फोर्स और पुलिस ने गढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुपखर वन रेंज में रोंडा वन शिविर के पास मुठभेड़ में तीन खूंखार महिला नक्सलियों को मार गिराया।

### पांच करोड़ के कोकीन कैप्सूल को निगला

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में 5.44 करोड़



रुपए मूल्य की कोकीन (544 ग्राम) के 10 कैप्सूल निगलने वाली कांगो की एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला इस सप्ताह की शुरुआत में किंशासा से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची थी। अधिकारियों को विशेष सूचना मिली थी ।

### पिकनिक मनाने गए चार छात्रों की डूबने से मौत

**वलसाड।** गुजरात के वलसाड जिले में पिकनिक मनाने गए कॉलेज के चार छात्रों की नदी में



डूबने से मौत हो गई। वापी स्थित केबीएस कॉलेज के आठ छात्रों का एक समूह मंगलवार शाम को कोली नदी के उद्गम स्थल पांडव कुंड में पिकनिक मनाने गया था। उसमें से एक छात्र नहाने के लिए नदी में कूदा और वह डूबने लगा।

### महाकुंभ से लौट रहे परिवार के तीन की मौत

**मैहर।** मैहर जिले में तेज रफ्तार कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण एक दंपति और उनकी बेटी



की मौत हो गई। दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान सुनील कुमार उपाध्याय (62), उनकी पत्नी सरोजिता उपाध्याय (56) और उनकी बेटी स्नेहा उपाध्याय (28) के रूप में की गई है। यह दुर्घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास हुई।

---

### विधायक दल की बैठक में प्रवेश वर्मा और विजेंद्र गुप्ता ने रखा प्रस्ताव

# दिल्ली की नई सीएम होंगी रेखा गुप्ता, आज शपथ ग्रहण समारोह

**दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा**

**केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा मंत्री पद लेंगे शपथ**

*दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने अपने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया है। रेखा गुप्ता अब दिल्ली के नई मुख्यमंत्री होंगी। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रामलीला मैदान में वह मंत्रियों के साथ शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। उनसे पहले आतिशी मार्लेना, शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज दिल्ली की महिला सीएम रही हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रेखा गुप्ता पहली बार की विधायक हैं। उन्होंने शालीमारबाग सीट से 29 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की है। अब तक सबसे प्रबल दावेदार बताए जा रहे प्रवेश वर्मा और विजेंद्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षकों रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ की मौजूदगी में रेखा गुप्ता के नाम पर विधायकों ने सहमति की मुहर लगाई।

8 फरवरी को भाजपा की जीत के बाद से ही नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर अटकलों का दौर चल रहा था। रेस में करीब एक दर्जन नेताओं के नाम गिनाए जा रहे थे। रेखा गुप्ता दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री हैं। अंतरिम सरकार के दो सीएम को जोड़ लें तो वह 10वीं मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली में इससे पहले आतिशी, अरविंद केजरीवाल, शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज, साहिब सिंह वर्मा, मदनलाल खुराना, गुरमुख निहाल सिंह और ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला।

### नए सीएम के लिए चुनौतियां

- एलजी बड़ा है या दिल्ली का सीएम
- घोषणा पत्र में किये गए वादे पूरे करना टेढ़ी खीर
- आम आदमी पार्टी के रूप में है एक मजबूत विपक्ष
- एमसीडी पर नियंत्रण अब भी आप के पास
- दिल्ली की जर्जर तस्वीर बदलना




### शालीमार बाग से विधायक

रेखा गुप्ता ने पहली बार विधानसभा का चुनाव जीता है। वह शालीमार बाग सीट से विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को 29,595 वोटों के बड़े अंतर से मात दी है। रेखा गुप्ता बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सक्रिय सदस्य हैं। संघ की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिये उन्होंने छात्र राजनीति में प्रवेश किया। 1994-95 में वह दौलत राम कॉलेज में सचिव चुनी गईं। 1995-96 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव बनीं।

### रामलीला मैदान तैयार

दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। रामलीला मैदान तैयार हो चुका है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए शहर के मध्य, उत्तर और नयी दिल्ली क्षेत्रों में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। इस समारोह के राष्ट्रीय राजधानी के मध्य स्थित विशाल मैदान में दोपहर करीब 12 बजे आयोजित किये जाने की उम्मीद है। इसमें भाजपा शासित शेष पेज 2 पर

### शपथ में शामिल नहीं हो पाएंगे कई राज्यों के मुख्यमंत्री

सूत्रों के हवाले से खबर है कि दिल्ली के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल नहीं हो पाएंगे। कल विधानसभा में यूपी का बजट पेश होना है। योगी आदित्यनाथ ने पत्र लिखकर पार्टी को जीत की बधाई दी है और नए सीएम को शुभकामनाएं देने के साथ अनुपस्थित रहने की जानकारी दी है। ऐसा ही पत्र गुजरात, उत्तराखंड के सीएम ने भी भेजकर अनुपस्थित रहने की जानकारी दी है। अरुणाचल प्रदेश के सीएम भी 'स्टेटहुड डे' के कारण शामिल नहीं हो पाएंगे।

---

**दावाः सीट छोड़ने वालों की नहीं थी एंट्री**

## ज्यादा एडमिशन से हड़कंप नर्सिंग कालेजों ने दस्तावेज दिखाए, मिली क्लीन चिट


हरिभूमि

सात नर्सिंग कालेजों की कुल सीटें 481, एडमिशन दे दिया 495 को, सभी को नोटिस, कड़ी कार्यवाही की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सात निजी नर्सिंग कालेजों में सीट से ज्यादा एडमिशन देने के मामले कार्रवाई की चेतावनी के बाद हड़बड़ाए सातों निजी कालेज के प्रबंधन पहले दिन ही सबूत लेकर कमेटी के सामने पेश हुए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ऑनलाइन काउंसिलिंग के दौरान सीट त्यागने वालों की निर्धारित पोर्टल में एंट्री नहीं थी जिसकी वजह एडमिशन ज्यादा दिख रहा था। हरिभूमि ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा सोमवार को नर्सिंग पाठ्यक्रम में एडमिशन लेने वालों की सूची जारी कर सात निजी कालेजों को ज्यादा शेष पेज 2 पर

खबर का असर

### जारी होगी अंतिम सूची

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर बीएससी, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग सहित अन्य पाठ्यक्रम में वर्ष 2024 प्रवेश की संभावित सूची जारी की गई। इस पर 21 फरवरी तक दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कमियां दूर करने के बाद डीएमई कार्यालय की ओर से निजी और शासकीय नर्सिंग कालेजों में एडमिशन प्राप्त करने वालों की फाइनल सूची जारी की जाएगी।

---

**जुनेजा को निष्कासित करने की मांग, पुतला भी फूंका**

## कांग्रेस में नहीं थमा महाभारत, पीसीसी ने अब बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में महाभारत नहीं थम रहा है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ कांग्रेस के हारे हुए प्रत्याशियों ने पीसीसी से शिकायत कर उनके निष्कासन की मांग की है। उन पर आरोप लगाया गया कि पार्टी को हराने का काम किया है। इधर कांग्रेस बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा विधायक को निष्कासित करने की अनुसंशा पर धनेंद्र साहू की अध्यक्षता में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाकर जांच करा रही है। शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप


हरिभूमि

कांग्रेस में रार के बाद महाभारत, जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

जुनेजा को नोटिस और अटल को पार्टी से बाहर करने पत्र

### तथ्यों का पता करने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

निकाय चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बगावती तेवर के बाद की गई कार्रवाई और अन्य मामलों की जांच को लेकर पीसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू की अध्यक्षता में बनी तीन सदस्यीय कमेटी से कहा गया है कि मामले शेष पेज 2 पर

### बिलासपुर की घटनाओं पर बनी कमेटी

*पीसीसी के प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैंदू ने जारी आदेश में कहा, बिलासपुर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण राय, प्रदेश सिचिव त्रिलोक श्रीवास और महिला* शेष पेज 2 पर

### विधायक लहरिया और उनके बेटे की शिकायत

*मस्तूरी से कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया और उनके बेटे अरविन्द लहरिया पर पूर्व सचिव रवि श्रीवास ने भितरघात के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी लिखित शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर (ग्रामीण) से की गई है। यह आरोप लगाया गया है कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ दोनों* शेष पेज 2 पर

---

## जोश में खोया होश

### एक प्रेमी के लिए भिड़ गईं दो युवतियां, सड़क पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ अंबिकापुर

बीच सड़क पर दो युवतियों के मारपीट का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों युवतियां एक दूसरे के साथ हाथापाई कर रही हैं। यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। एक ही प्रेमी के लिए दो युवतियों के बीच हुई लड़ाई हो रही है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शेष पेज 2 पर

- वायरल हुआ वीडियो, पुलिस ने दिए जांच के निर्देश



#### चल रही है जांच

*वायरल वीडियो मणिपुर थाना क्षेत्र का है और घटना की जांच के निर्देश दिए गए हैं। वीडियो में नजर आ रहे लोगों की पहचान कराई जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।*

*अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी*

### चार पहिया वाहन सवार छात्र-छात्राओं की स्टंटबाजी



शहर में विद्यार्थियों के चार पहिया वाहन में स्टंटबाजी करने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। स्कूल के छात्र फेयरवेल पार्टी के नाम न सिर्फ जमकर मनमानी करते हैं बल्कि राहगीरों के लिए परेशानी के सबब बन जाते हैं। पुलिस ने हाल ही में छात्रों द्वारा स्टंटबाजी करने का वीडियो वायरल होने पर न सिर्फ वाहन सवार की पहचान की बल्कि उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस कार्रवाई के बावजूद चार पहिया वाहन सवार छात्र स्टंटबाजी करने से बाज नहीं शेष पेज 2 पर

---

**रूस-अमेरिका की बैठक के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति का बड़ा बयान**

## जेलेंस्की ने कहा- अपने देश को नहीं बेच सकता

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ट्रंप रूसी 'भ्रामक सूचना के जाल' में फंस चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि युद्ध के दौरान उन्हें सत्ता से हटाने की कोई भी कोशिश विफल रहेगी। जेलेंस्की ने आगे कहा, मैं अपना देश नहीं बेच सकता। ट्रंप की टीम को यूक्रेन के बारे में अधिक सटीक जानकारी हासिल करनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूक्रेन में कोई भी व्यक्ति रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना बेहद मजबूत है शेष पेज 2 पर



**इधर, ट्रंप के विशेष दूत कीव में**

### जेलेंस्की से मिलने पहुंचे अमेरिकी दूत

यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग बुधवार को कीव पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मिलेंगे। उनकी यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका लगातार रूस समर्थक रूख अपना रहा है। लगभग तीन वर्ष पहले रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले के बाद यूक्रेन में युद्ध छिड़ गया था।

---



## राजमहल से एयरपोर्ट तक बारात में होंगे हाथी, घोड़े और ऊंट



*बस्तर राजपरिवार के युवराज के शाही शादी पर राजमहल गुलजार है। 5 दिनों के विवाह उत्सव में दंतेवाड़ा से पहुंची कुलदेवी मांई दंतेश्वरी के छत्र और छड़ी की अगवानी राजमहल में आज राजपरिवार ने की। देवी का छत्र और छड़ी कल शाम आ गई थी, जिसे जिया डेरा में रखा गया था।*

### नेपाल राजपरिवार के सदस्य भी पहुंचे जगदलपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

आज दंतेवाड़ा से कुलदेवी को लेकर पहुंचे प्रमुख पुजारी जिया महाराज तथा अन्य सेवादारों ने परंपरानुसार छत्र और छड़ी लेकर राजमहल के लिए रवाना हुए। महल में महाराजा कमलचंद्र भंजदेव को आशिष देने का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। महाराजा ने हरिभूमि से चर्चा शेष पेज 2 पर

खास खबर





फोटोः संतोष पांडे

### राजस्थान के पाली से पहुंचा शाही नाट दल

*शाही शादी में विशेष तौर पर 100 लोगों का संगीत समूह राजस्थान के पाली से पहुंचा है। जो शाम को ही नागौद के लिए रवाना हो गए, जहां नागौद रियासत की बारात में अपनी प्रस्तुति देंगे। हरिभूमि से चर्चा में दल के प्रमुख ने बताया कि सड़क मार्ग से अभी निकलकर कल वहां पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में पहली बार आना हुआ है।*

## चिंतन

# हर दिन क्यों आसमान छू रहे हैं सोने के दाम

सदियों से, मानव विकास की प्रक्रिया के दौरान सोने ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुद्रा, मूल्यवान संपत्ति के भंडार, आभूषण जैसे अनेक रूप में इसका उपयोग किया गया है। आभूषण मानव अलंकरण का एक अभिन्न अंग रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए। महिलाओं में सोने के प्रति लगाव के पीछे भी यही कारण है कि सोने को न केवल आभूषण बल्कि विपरित हालात में भी बहुत उपयोगी माना गया है। झुमके, नाक की कील, कंगन, हार से लेकर कमरबंद और बिछिया तक सब सोने की ही पसंद की जाती रही हैं। समय और बदलती मानसिकता के साथ पुरुषों ने भी सोने के आभूषण पहनना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में, किसी भी उत्सव और शुभ अवसर पर सोने के आभूषण पहनने को काफी महत्व दिया जाता है, लेकिन बीते कुछ दिनों से सोना आम गृहिणी की पहुंच से दूर हो रहा है। सोना 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोना 86,089 रुपये ऑलटाइम हाई बना था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 10,571 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपये प्रति किलो से 11,549 बढ़कर 97,566 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को चांदी का भाव 96,023 रुपये किलो था। सोने के लगातार बढ़ते दाम के पीछे माना जा रहा है कि ट्रम्प के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से भी सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। सबसे अहम कारण शेयर बाजार में उतार आने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। निवेशकों को लग रहा है कि सोना न केवल अच्छा मुनाफा दे सकता है बल्कि इसमें रिस्क भी काफी कम है। अगर आंकड़ों को देखें तो दुनियाभर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोरोना के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 के बाद से दुनियाभर के बैंक सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने के दाम आसमान छू गए हैं। भारत में शादी के सीजन में सोने का खास महत्व है। आजकल शादियों का सीजन भी चल रहा है, लेकिन सोना है कि हाथ से छिटकता जा रहा है। दिवाली के समय प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है। उन्हें लग रहा है कि इसी साल सोना 90 हजार रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो पीली धातू आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर चली जाएगी।

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती



दो टूक
डॉ. अश्विनी महाजन

**किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।**

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपये प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ।

दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया जा



सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है।

यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपये तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी।

केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

*(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली विवि में पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*
*लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।*

## बिहार चुनाव
उमेश चतुर्वेदी




# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
**दर्शन**

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## शिवाजी जयंती



छत्रपति शिवाजी महाराज की पोशाक पहने एक व्यक्ति मुंबई में बुधवार को शिवाजी महाराज की जयंती मनाने वाली एक रैली में भाग लेता हुआ।

## आज की पाती

### परीक्षा में बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण समय है, जिसके लिए लंबे समय तक अध्ययन, ध्यान और मानसिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है। हालांकि, खराब डाइट और अस्वास्थ्यकर खान-पान से थकान, एकाग्रता की कमी और तनाव हो सकता है। आपका बच्चा सक्रिय, सतर्क और तनाव मुक्त रहे, इस अवधि के दौरान उसे सही पोषण प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा के दौरान बच्चों को घर का बना शुद्ध और सात्विक आहार ही देना चाहिए। बच्चे जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर पर पड़ता है। संतुलित आहार याददाश्त, फोकस और स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है।

*– संकेत वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर के खिलाफ आरोप दायर

पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया।



आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई गई। गोनेट ने 272 पन्नों के अभियोग में लिखा, 'आपराधिक संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में संस्थाओं पर हमला करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य सत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना था। इस साजिश को 'ग्रीन एंड येलो डैगर' नाम दिया गया।' ब्राजील की संघीय पुलिस ने पिछले साल नवंबर में 884 पन्नों की रिपोर्ट दायर की थी जिसमें गोनेट ने इस कथित साजिश के बारे में विस्तार से बताया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं।



वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## ट्रेंड

### ऋषि सुनक अच्छे मित्र



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के इच्छुक हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मोदी जी की गारंटी



गुजरात नगर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत का आशीर्वाद देकर गुजरात की जनता ने एक बार फिर बता दिया है कि उन्हें सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के नेतृत्व में गुजरात विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सभी का विश्वास जरूरी



महाकुंभ को लेकर सत्ता-विपक्ष के अलग-अलग तर्क हैं, जबकि व्यापक जनहित व जनकल्याण के लिए सभी का विश्वास जरूरी, ताकि सरकारी धन-संसाधन का सही उपयोग हो सके। वैसे भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि यूपी की समस्या है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि



मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट में उनका योगदान अमूल्य था और उनके मार्गदर्शन ने कई करियर को आकार दिया। उसकी आत्मा को शांति मिलें।

-यूसुफ पठान, भारतीय क्रिकेटर

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 215
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 34.6
न्यून. 20.9



03 ▶ विक्की कौशल! आप क्या हैं?
विचार पेज
वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती




## खबर संक्षेप

### ओडिशा में वरिष्ठ अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में सतर्कता अधिकारियों ने ओडिशा के एक वरिष्ठ नौकरशाह को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। ओडिशा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शरत कुमार गिरि भूमि अधिग्रहण (जनरल) के पद पर कार्यरत थे। क्योंझर में जिलाधिकारी कार्यालय में भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी थे।

### विवाह स्थल के बाहर बच्चे की गोली मार कर हत्या



**मुरैना।** मुरैना जिले में एक पांच साल के बच्चे को विवाह स्थल के बाहर गोली मार दी गई। पीड़ित गप्पू शाक्य अपने परिवार के साथ जौरा कस्बे में अपनी मौसी की शादी में शामिल होने गया था, जब मंगलवार रात यह घटना घटी। जब वह विवाह स्थल शिवहरे धर्मशाला के बाहर खेल रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने उसे गोली मार दी और भाग गया।

### नौकरी के बदले नकदी, पूर्व मंत्री के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपए लेने के आरोप में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के केंद्रीय सचिव के विजया नल्लथंबी, तमिलनाडु के पूर्व मंत्री राजेंद्र बालाजी और पार्टी कार्यकर्ता मरियप्पन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन की मौत




**हरदोई।** हरदोई जिले के सांडी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे तीन लोगों की मौत हो गई। गोलू कश्यप (22), संदीप कश्यप (24) और रामखेलावन सक्सेना (25) ककरा गांव के निवासी थे। वे अपने एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से सांडी नगर जा रहे थे।

# दूसरे चरण के लिए वोट आज, 46 लाख 83 हजार से अधिक मतदाता चुनेंगे 85 हजार से अधिक प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए 20 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। इन चुनाव में 46 लाख 83 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये लोग कुल मिलाकर 85 हजार से अधिक प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। राज्य में पहले चरण के लिए मतदान और परिणाम आ चुके हैं। गांव-गांव में चुनावों को लेकर जबरदस्त हलचल है। यह नजारा एक बार फिर 20 फरवरी को मतदान के दौरान दिखेगा। ये चुनाव गैरदलीय आधार पर हो रहे हैं, लेकिन सभी राजनीतिक दल चुनाव में अपनी पार्टी के समर्थक उम्मीदवारों को जितवाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

- हजारों पंच-सरपंच निर्विरोध भी जीत चुके हैं

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पंच पदों के 68 और सरपंच पद के 01 स्थान के लिये सभी नामनिर्देशन पत्र खारिज हो गये हैं। पंच पद के 74 हजार 310, सरपंच पद ▶▶ शेष पेज 2 पर



### वोटिंग के बाद मतों की गिनती भी वहीं

*राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मतदान दिवस के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की जायेगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामलों में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण के लिए 19 जनवरी को की जा चुकी है। द्वितीय चरण के लिए 22 फरवरी को एवं तृतीय चरण के लिए 25 फरवरी को सुबह 9 बजे से की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण के लिए 20 फरवरी, द्वितीय चरण के लिए 23 फरवरी एवं तृतीय चरण के लिए 25 फरवरी को की जायेगी।*

### 9 हजार 738 मतदान केंद्र बनाए गए

द्वितीय चरण के मतदान हेतु 9 हजार 738 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। 26 हजार 988 पंच पद हेतु, 3 हजार 774 सरपंच पद हेतु, 899 जनपद सदस्य हेतु एवं 138 जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण में मतदान किया जायेगा। पंच पद के 65 हजार 716, सरपंच पद के 15 हजार 217, जनपद सदस्य के 3 हजार 885 और जिला पंचायत सदस्य के 699 अभ्यर्थी द्वितीय चरण में निर्वाचन लड़ रहे हैं। द्वितीय चरण में 23 लाख 17 हजार 492 पुरूष, 23 लाख 66 हजार 157 महिला एवं 87 अन्य सहित कुल 46 लाख 83 हजार 736 मतदाता मतदान करेंगे।

### पिता की मौत के बाद भी बेटे ने निभाई चुनावी ड्यूटी

**रायपुर।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहा है। इस बीच, एक मार्मिक खबर आई है। मामला कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र का है। चूड़ामणि पटेल अकलतरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान पिता की मौत की खबर मिली। 55 वर्षीय बजरंग पटेल की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत हो गई। पिता की मौत की खबर मिलने पर भी चूड़ामणि शोक में डूब गए। एक ओर उनका मन पिता के अंतिम दर्शन के लिए बेचैन था, वहीं दूसरी ओर देश के लोकतांत्रिक कर्तव्यों का भी सवाल था, लेकिन चूड़ामणि ने पहले अपनी चुनाव ड्यूटी पूरी करने का फैसला किया। उन्होंने परिवार को संदेश भेजा कि उनकी ड्यूटी पूरी होने तक पिता का अंतिम संस्कार न किया जाए। बेटे ने ड्यूटी पूरी करने के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया।

### ग्राम पंचायत सुरेगांव में फिर से वोटिंग

बालोद जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा में ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में प्रतीक आबंटन संबंधी त्रुटि हो जाने के कारण अभ्यर्थियों को गलत प्रतीक चिन्ह आबंटित हो गये। वार्ड क्रमांक 8 के पंच पद के लिए 17 फरवरी को हुए मतदान को शुन्य घोषित करते हुए मतदान की नई तारीख 23 फरवरी तय की है।

# कांग्रेस और भाजपा में चुनावी जंग, दोनों ने किया जीत का दावा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का परिणाम आने के साथ ही कांग्रेस और भाजपा में अधिक सीट जीत के दावे की जंग शुरू हो गई है। पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर होता है, इसमें किसी पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं होता। राजनीतिक दल इसके बावजूद अपने समर्थकों को इस चुनाव में उतारते हैं। उनकी जीत को अपनी पार्टी की जीत मानकर पंचायतों में कब्जा जमाने की कोशिश की जाती है। भाजपा त्रि-स्तरीय ▶▶ शेष पेज 2 पर

- भाजपा ने किया 125 प्रत्याशियों के जीत का दावा

### जिला पंचायतों में 78 कांग्रेस समर्थित जीते

इधर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि प्रदेशभर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत के सदस्य अधिक संख्या में चुनाव जीत कर आये हैं। पूरे प्रदेश की जिला पंचायतों में प्रथम चरण के 149 क्षेत्रों में कांग्रेस के 78 समर्थित चुनाव जीत कर आये हैं। 69 कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार तथा 9 कांग्रेस समर्थित हैं, जबकि भाजपा के मात्र 66 सदस्य ही चुनाव जीत पाये ▶▶ शेष पेज 2 पर

*दिल्ली में संघ के नए दफ्तर का 'केशव कुंज' का उद्घाटन*

# आरएसएस की नई इमारत की तरह हमारे कार्यों में भी भव्यता झलके




**नए कार्यालय की खासियत**

| | |
|---|---|
| 5 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला | 75,000 से अधिक का योगदान |

8 साल में पूरा हुआ निर्माण
150 करोड़ रुपए की लागत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में संगठन के नवनिर्मित बहुमंजिला कार्यालय के निर्माण की सराहना की। उन्होंने स्वयंसेवकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके कार्य नए कार्यालय परिसर जितने ही भव्य हों। हमारे कार्य में वह भव्यता झलकनी चाहिए। दिल्ली में आरएसएस के नवनिर्मित परिसर में संघ के कार्यालय के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को अपने मार्ग से भटकने के प्रति आगाह करते हुए कहा, पिछले कठिन समय की तुलना में अब हमारी स्थिति बदल गई है। बदलती परिस्थितियों के साथ हमें यह ध्यान रखना होगा कि हमारी दिशा न बदले। आरएसएस प्रमुख ने कहा, स्थिति बदलने में समय नहीं लगता। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रमुख जे.पी. नड्डा समेत पार्टी के कई नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी झंडेवालान स्थित कार्यालय में 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उपस्थित थे।

- तीनों टॉवर का नाम 'साधना', 'प्रेरणा' और 'अर्चना' रखा गया है



### टॉवर, ऑडिटोरियम और मंदिर

आरएसएस के नए कार्यालय को गुजरात के प्रसिद्ध वास्तुकार अनूप दवे ने डिजाइन किया है। इसमें हवादार संरचना और प्राकृतिक रोशनी की पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें टॉवर, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, अस्पताल और एक हनुमान मंदिर भी शामिल हैं। तीनों टॉवर का नाम 'साधना', 'प्रेरणा' और 'अर्चना' रखा गया है। जैसे ही कोई संघ कार्यालय में प्रवेश करेगा, सबसे पहले 'साधना' टॉवर आएगा, उसके बाद 'प्रेरणा' और अंत में 'अर्चना' टॉवर होगा।




**एक हफ्ते में ही एक से दो हजार रुपए सस्ता**

# रेत के दाम धड़ाम, 30 से 12 हजार रुपए हुआ हाइवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

राजधानी रायपुर में बारिश के सीजन से लेकर अक्टूबर तक रेत की कीमत आसमान छूने लगी थी, प्रति हाइवा रेत की कीमत 30 हजार रुपए तक पहुंच गई थी, लेकिन जैसे-जैसे खदानों में रेत का उत्खनन बढ़ने लगा, वैसे-वैसे इसकी कीमत में भी गिरावट आने लगी। जिले में इन दिनों खदानों में रेत का जमकर उत्खनन किया जा रहा है, जिससे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 5 खदानों को अभी तक नहीं मिला एनओसी

*शहर में अभी भी ऐसी 5 खदानें हैं, जिनके ठेकेदारों को छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण विभाग से वैध रूप से उत्खनन के लिए अनुमति नहीं मिल पाई है। जिले में 13 खदानों के लिए टेंडर निकालकर ठेके पर दिया गया था, जिनमें से 8 खदानों के ठेकेदारों को पर्यावरण विभाग से अनुमति मिल चुकी है। इन अनुमति प्राप्त खदानों में ही अभी वैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जबकि अनुमति नहीं मिलने के कारण शेष 5 खदानों में अब तक वैध रूप से उत्खनन का काम शुरू नहीं हुआ है।*



### अवैध उत्खनन से भी बढ़ी सप्लाई

जिले में आरंग ब्लॉक अंतर्गत जिन 5 खदानों में वैध रूप से उत्खनन के लिए अनुमति नहीं मिल पाई है, उनमें कुछ खदानों में चोरी छिपे रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इसके अलावा दूसरे जिलों की खदानों में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला जारी है। यही कारण है कि महासमुंद, गरियाबंद, ▶▶ शेष पेज 2 पर

### शेष खदानों में जल्द वैध उत्खनन शुरू होने की संभावना

सूत्रों के अनुसार जिले में जिन खदानों को अब तक पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं मिली है, उन खदानों को भी जल्द ही विभाग से अनुमति मिलने की संभावना है। इसके बाद इन खदानों में भी वैध रूप से रेत का उत्खनन शुरू हो जाएगा। इसके बाद जिले में रेत की आवक और बढ़ेगी, जिससे कीमत में भी और कमी आने की संभावना है। सूत्रों की मानें, ▶▶ शेष पेज 2 पर

## जैकेट के शेष

### मार्कफेड के एमडी ....

बैठक में विचार किया जाएगा। सरकार की अनुमति के मुताबिक धान बेचने के लिए निकाला जाएगा। हालांकि इससे पहले भारत सरकार से आग्रह किया गया है कि वह छत्तीसगढ़ से पूर्व घोषित मात्रा से अधिक चावल ले। अगर केंद्र से अनुमति मिल गई तो धान नीलामी की मात्रा कम हो सकती है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2024-25 में कुल मिलाकर 149 लाख 24 हजार, 709 मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इसमें से 26 लाख 20 हजार 476 मीट्रिक टन धान अभी भी खरीद केंद्रों में रखा है। हालांकि खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के लिए तेजी से धान का परिवहन कर मिलरों को दिया जा रहा है। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भी धान जमा किया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में अभी 32 लाख 42 हजार 898 मीट्रिक टन धान जमा हो चुका है। इस आधार पर माना जा रहा है कि राज्य में कस्टम मिलिंग के बाद करीब 35 लाख मीट्रिक टन धान एक्सेस होगा। यही अधिक धान नीलाम किया जाना है। मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि नीलामी के लिए टेंडर किया जाना है। इसके लिए प्लेटफार्म का चयन प्रक्रिया में है।

### रामलीला मैदान ....

राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है। 25,000 से अधिक पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां कड़ी निगरानी रखेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 'मजबूत' सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

### ज्यादा एडमिशन से ...

एडमिशन के दायरे में रखा था। कालेज प्रबंधन को इस मामले में 21 फरवरी तक अपना पक्ष रखने का मौका भी दिया था। आरोपों और हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद हड़बड़ाए निजी नर्सिंग कालेज का प्रबंधन आरोपों से संबंधित दस्तावेज लेकर रायपुर मेडिकल कालेज में स्थित काउंसिलिंग कमेटी के कार्यालय पहुंचे। कमेटी के सामने उन्होंने दस्तावेज प्रस्तुत किया जिसकी जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि कालेज की ओर से ऑनलाइन काउंसिलिंग के दौरान सीट का त्याग करने वालों का पत्र चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की कमेटी को भेजा गया था। पत्र की एंट्री ऑनलाइन पोर्टल में की जानी थी जो समय पर नहीं हुई। कालेजों में निर्धारित सीटों से ज्यादा प्रवेश का मसला सामने आ गया। नर्सिंग काउंसिलिंग कमेटी के अध्यक्ष डा. प्रवीण बंजारे ने बताया कि ज्यादा एडमिशन के मामले में स्थिति स्पष्ट हो चुकी है।

### कांग्रेस में नहीं ....

कांग्रेस के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी और राधेश्याम विभार ने पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के निष्कासन की मांग की है। उन पर हाल ही में हुए निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने और निर्दलीय का साथ देने का आरोप लगाया। वार्ड 6 के प्रत्याशी राधेश्याम विभार और वार्ड 34 के उम्मीदवार कामरान अंसारी ने पीसीसी से लिखित शिकायत की है। साथ ही कुलदीप जुनेजा की कुछ तस्वीरें और फेसबुक चैट्स के स्क्रीनशॉट भी पीसीसी में पत्र के साथ जमा किया है। उन पर पार्टी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे आकाश तिवारी का समर्थन करने का भी आरोप लगाया है। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक जुनेजा का पुतला दहन भी किया।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई** : जुनेजा के खिलाफ शिकायत पर महामंत्री मलकीत गैंदू ने कहा, पार्टी ने पूरे प्रदेश में पार्टी गाइडलाइंस से बाहर जाकर काम करने वाले लोगों पर कार्रवाई की है। आज दो लोगों ने जुनेजा के खिलाफ आवेदन दिया है। मामले में जांच होगी, कल ही उनको नोटिस दिया गया है, जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तथ्यों का पता ....

में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति का तथ्यों सहित जानकारी लेकर रिपोर्ट दें। कमेटी में पूर्व विधायक अरुण वोरा और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा को शामिल किया गया है।

### विधायक लहरिया और ....

ने काम किया। इस संबंध में आडियो रिकार्डिंग भेजी गई है। विधायक के बेटे अरविंद लहरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बागी उम्मीदवार किरण संतोष यादव का समर्थन करने के लिए कहा, जिससे पार्टी को नुकसान पहुंचा और भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी राधा खिलावन पटेल की जीत हुई। शिकायत पत्र में पूर्व सचिव ने आरोप लगया कि विधायक दिलीप लहरिया ने उनके निर्वाचन क्षेत्र में दौरा नहीं किया, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन नहीं मिला।

### एक प्रेमी के ....

शुरू कर दी गई है। बुधवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि मणिपुर थाना अंतर्गत रिंग रोड पर दो युवतियां आपस में झगड़ रही हैं। युवतियां एक दूसरे को थप्पड़ जड़े जा रही हैं और बाल पकड़कर मारपीट कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। एक ही युवक के लिए दो युवतियों लिए प्रेम को लेकर यह विवाद हुआ। फिलहाल इस घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है, लेकिन पुलिस की ओर से वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी गई है।

### चार पहिया वाहन ....

आए। एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने शहर के रिंग रोड पर स्टंटबाजी की जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इधर पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर कार्रवाई के लिए जुट गई है। जिले के अधिकांश हाई स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा से पूर्व फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई देने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उपहार देकर विदाई दे रहे हैं। इधर कुछ विद्यालय के छात्र-छात्राएं ऐसे भी हैं जो हाई स्कूल की पढ़ाई को यादगार बनाने सहपाठियों के साथ होटलों में जाकर पार्टी मनाते हैं। कुछ इस तरह ही गत दिन लगभग आधा दर्जन चार पहिया वाहन से छात्र-छात्राएं शहर के होटल में पार्टी मनाने स्टंटबाजी करते हुए पहुंचे। इसी बीच छात्र-छात्राओं ने तेज रफ्तार वाहन चलाने के दौरान वाहन में बैठे छात्र-छात्राएं वाहन के दरवाजे से बाहर निकल हुड़दंग मचाने लगे। इसी बीच किसी ने वाहन में स्टंटबाजी कर रहे छात्र-छात्राओं का मोबाइल में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो शहर के रिंग रोड का बताया जा रहा है।

**पांडाताराई में भी ट्रैक्टर पर स्टंट** : पांडाताराई। कवर्धा जिले के पांडाताराई सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में 12वीं के छात्र- छात्राओं के विदाई समारोह में स्कूली बच्चों ने ट्रैक्टर व स्कॉर्पियो में स्टंट करते हुए स्कूल में प्रवेश किया। इस दौरान शिक्षक मौके पर मौजूद थे, लेकिन रोकने की बजाय विद्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट में इस खतरनाक करतब का वीडियो पोस्ट कर वायरल कर रहे हैं।

### जेलेंस्की ने कहा- ....

और अधिकांश यूक्रेनी नागरिक रूस के साथ किसी भी प्रकार का समझौता करने के पक्ष में नहीं हैं।

### राजमहल से एयरपोर्ट ....

में कहा कि राजपरिवार की कुलदेवी को नागौद जाना था लेकिन फागुन मंडई की डेरी गड़ाई होने से जिया पुजारी, राजगुरू नवीन ठाकुर और मेरे बीच चर्चा हुई। महाराजा ने स्वयं कहा कि डेरी गड़ाई के बाद कुल देवी के छत्र और छड़ी को वापस दंतेवाड़ा जाना उचित होगा। इसलिए अब नागौद नहीं ले जाया जाएगा। उन्होंने हरिभूमि से कहा कि कुल देवी ने राजमहल में मुझे आशिष दे दी है, इसलिए मैंने पूजा अर्चना के बाद कुलदेवी के छत्र और छड़ी को वापस दंतेवाड़ा ले जाने को कहा। इस तरह राजमहल में कुलदेवी की विशेष पूजा के बाद राजगुरू और तमाम लोग शाम को राजमहल से जिया डेरा की ओर रवाना हुए। बाजे, गाजे, आतिशबाजी और लोक नर्तक दलों के साथ भारी सुरक्षा के बीच देवी का छत्र और छड़ी जिया डेरा पहुंची जहां सशस्त्र जवानों ने बंदूक से गोली दागकर सलामी दी। यहां से अब देवी दंतेवाड़ा के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं राजमहल से कल सुबह एयरपोर्ट के लिए निकलने वाली बारात के लिए जयपुर से हाथी, दुर्ग से 2 बग्घी के साथ 12 घोड़े और रायपुर से 4 ऊंट लाए गए हैं। इन सभी को वाहन में लादकर आज उनके सेवा करने वाले महावत और अन्य लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि कल सुबह बारात निकलेगी उसमें हाथी, घोड़े और ऊंट शामिल होंगे।

**भीलवाड़ा की शहनाई नगाड़ा और गंगानगर का बैगपैपर मसक की धुन महल में गूंजी** : पूरे बस्तर से पहुंचे आदिवासियों के अलावा विभिन्न प्रांतों से आए राजा, महाराजा और उनके परिवार के लोगों से राजमहल में रौनक छाई है। वहीं राजस्थान के गंगानगर से पहुंचे कुंदनलाल अपने साथी के साथ बैगपैपर मसक बजाते रहे। वहीं भीलवाड़ा से आए रामश्रुति टीम के साथ नगाड़ा के साथ शहनाई की धुन से माहौल को खुशनुमा बना रहे थे। उन्होंने कहा कि बस्तर पहली बार आए हैं। राजपरिवार की शानो शौकत देखकर अच्छा लग रहा है। **चार्टर विमान में राजपरिवार के प्रमुख सेवादार 40 लोग जाएंगे** : महाराजा कमलचंद्र भंजदेव ने बताया कि कल सुबह 8 बजे राजमहल से बारात निकलेगी।

## दुनिया की टॉप प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी रैंकिंग में फिर से टॉप पर हार्वर्ड

# वर्ल्ड रेपुटेशन रैंकिंग में पिछड़ गए दिल्ली और मद्रास के आईआईटी

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनिया की सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग 2025 में आईआईएससी, आईआईटी दिल्ली औरआईआईटी मद्रास पिछड़ गई है। टाइम्स हायर एजुकेशन (द) की ओर से वर्ल्ड रेपुटेशन रैंकिंग 2025 की लिस्ट जारी कर दी गई है। इस लिस्ट में भारत के चार विश्वविद्यालयों ने जगह बनाई है। लेकिन, गौर करने वाली बात ये है कि पिछले साल जितनी भी भारतीय यूनिवर्सिटी का इसमें नाम शामिल हुआ था, वो रैंकिंग में पिछले बार से काफी नीचे आ गई हैं। वहीं, एक यूनिवर्सिटी ने पहली बार इस लिस्ट में जगह बनाई है, जिसका नाम है 'शिक्षा ओ' अनुंसधान। इनके अलावा आईआईटी बॉम्बे का नाम पिछले बार की लिस्ट में था, लेकिन इस बार आईआईटी बॉम्बे लिस्ट से बाहर हो गई है।



### भारत के इंस्टीट्यूट की रैंकिंग

भारतीय संस्थानों की बात करें तो इस लिस्ट में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) पहले स्थान पर है, जिसकी वर्ल्ड रैंकिंग 201-300 के बीच है। पिछले साल इसका स्थान 101-125 था। दूसरे नंबर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली है, जिसकी वर्ल्ड रैंकिंग 201-300 के बीच है। पिछले साल इसका स्थान 151-175 में था। तीसरे नंबर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास है, जिसकी वर्ल्ड रैंकिंग 201-300 के बीच है।पिछले साल इसका स्थान 176-200 में था। चौथे स्थान पर 'शिक्षा ओ' अनुंसधान की एंट्री हुई है। पिछले साल ये लिस्ट में शामिल नहीं थी।

### रैंक, संस्थान का नाम और स्थान

- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (यूनाइटेड किंगडम)
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैमब्रिज (यूनाइटेड किंगडम)
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- प्रिंसटन यूनिवर्सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- सिंघुआ यूनिवर्सिटी (चीन)
- येल यूनिवर्सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो (जापान)

### रैंकिंग में अमेरिकी विश्वविद्यालयों का दबदबा

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी लगातार 14वें साल दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी की रैंकिंग 2025 में पहले स्थान पर बनी हुई है। इसके बाद ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जिससे यह 2015 के बाद से ब्रिटेन का सर्वोच्च रैंक वाला संस्थान बन गया है। इस रैंकिंग में अमेरिकी विश्वविद्यालयों का दबदबा बना हुआ है, जिसमें टॉप 10 में छह संस्थान शामिल हैं। चीन के सिंघुआ विश्वविद्यालय ने आठवें स्थान पर अपना स्थान बनाए रखा है, जबकि जापान के टोक्यो विश्वविद्यालय ने 10वां स्थान हासिल किया है।

# सभी इजरायली बंधकों को एक साथ छोड़ने को तैयार हुआ हमास

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

- ट्रंप ने चेताया तो हमास के बदलने लगे सुर

गाजा में संघर्षविराम समझौते को लेकर एक बयान जारी करते हुए हमास ने कहा है कि वह एक बार में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है। इस दौरान हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण पर चर्चा को लेकर प्रतिबद्धता भी जताई है। हमास ने कहा है कि दूसरे चरण में वह सभी बंधकों को इजरायल को सौंपने को तैयार है। हालांकि गाजा से हमास के लड़ाकों को पूरी तरह से हटाने की बात पर हमास के प्रवक्ता ने हैरानी जताई है और इसे एक हास्यास्पद बयान बताया है। इससे पहले इजरायल ने युद्धविराम समझौते के तहत गाजा क्षेत्र से हमास के पीछे हटने का प्रस्ताव रखा था। हमास के प्रवक्ता हेजम कासिम ने कहा, 'हम दूसरे चरण के लिए तैयार हैं। इसके तहत एक बार में कैदियों की अदला-बदली की जा सकती है।' बता दें कि हमास की तरफ से यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इजरायली बंधकों की चरणबद्ध रिहाई के खिलाफ बयान देने के बाद आया है।



## पेज एक के शेष

### दूसरे चरण के लिए वोट...

के 448, जनपद पंचायत सदस्य के 41 और जिला पंचयत सदस्य के 1 पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इस प्रकार प्रदेश के समस्त जिलो के लिए कुल पंच पद के 85 हजार 188, सरपंच पद के 11 हजार 181, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 932 और जिला पंचायत सदस्य के 432 स्थानों पर तीन चरणों में निर्वाचन हो रहा है।

**इन 43 विकासखंडों में दूसरे चरण का मतदान** : द्वितीय चरण में 20 फरवरी को राज्य के 43 विकासखण्डों में मतदान होगा। जिन विकासखण्डों के द्वितीय चरण में मतदान होना है-उसमें जिला बिलासपुर के विकासखण्ड बिल्हा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के विकासखण्ड पेण्ड्रा, जिला मुंगेली के विकासखण्ड लोरमी, जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड नवागढ़, जिला सक्ती के विकासखण्ड मालखरौदा, जिला कोरबा के विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा, जिला रायगढ़ के विकासखण्ड खरसिया एवं धरमजयगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड बिलाईगढ़, जिला सूरजपुर के विकासखण्ड रामानुजनगर एवं प्रेमनगर, जिला बलरामपुर के विकासखण्ड बलरामपुर, जिला सरगुजा के विकासखण्ड सीतापुर एवं मैनपाट, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, जिला जशपुर के विकासखण्ड जशपुर एवं मनोरा, दुलदुला तथा कुनकुरी शामिल है। इसी तरह जिला रायपुर के विकासखण्ड धरसींवा एवं तिल्दानेवरा, जिला बलौदाबाजार के विकासखण्ड कसडोल, जिला गरियाबंद के विकासखण्ड छुरा, जिला महासमुन्द के विकासखण्ड पिथौरा एवं बागबहरा, जिला धमतरी के विकासखण्ड कुरूद, जिला दुर्ग के विकासखण्ड पाटन, जिला बालोद के विकासखण्ड बालोद, जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड छुरिया, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के विकासखण्ड खैरागढ़, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकासखण्ड मोहला, जिला कबीरधाम के विकासखण्ड बोड़ला एवं पण्डरिया, जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड फरसगांव एवं माकड़ी, जिला बस्तर के विकासखण्ड बस्तर एवं लोहण्डीगुड़ा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, एवं दुर्गूकोंदल, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला के कटेकल्याण तथा जिला सुकमा के छिन्दगढ़ एवं बीजापुर जिला के विकाखण्ड भोपालपटनम एवं ऊसूर शामिल हैं।

### कांग्रेस और भाजपा में...

पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह का दावा है कि जिला पंचायत की 160 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी के 125 प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। वहीं कांग्रेस प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि जिला पंचायतों में प्रथम चरण के 149 क्षेत्रों में कांग्रेस के 78 समर्थित चुनाव जीत कर आये हैं। 69 कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार तथा 9 कांग्रेस समर्थित हैं, जबकि भाजपा के मात्र 66 सदस्य ही चुनाव जीत पाये हैं। पंचायत चुनाव का दूसरे और तीसरे चरण का चुनाव अभी बाकी है। भाजपा ने पंचायत चुनवों के प्रथम चरण के मतदान के बाद परिणामों को पार्टी के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में भी पार्टी को पूरे प्रदेश में जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। भाजपा ने कल दावा किया था कि 160 जिला पंचायत की सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के 125 प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं।

**2100 सरपंच, 600 से अधिक जनपद सदस्य जीते चुनाव** : उन्होंने कहा, पंच, सरपंचों और जनपदों में भी कांग्रेस समर्थित अधिक लोग चुनाव जीतकर आये हैं। प्रदेशभर में प्रथम चरण में 3605 सरपंचों में 2100 से अधिक सरपंच कांग्रेस समर्थित चुनाव जीते हैं। जनपद पंचायतों में भी 911 में से 600 से अधिक जनपद सदस्य कांग्रेस के चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा, पंचायत चुनाव ईवीएम से नहीं हुआ बैलेट पेपर से हुआ, अतः भाजपा को मुंह की खानी पड़ी। देश में जो भी चुनाव बैलेट से होगा, भाजपा की उसमें हार तय है।

### जिला पंचायतों में 78...

हैं। उन्होंने कहा, भाजपा झूठा दावा कर रही है कि पंचायतों में उसके ज्यादा लोग चुनाव जीतकर आये हैं, जबकि हकीकत यह है पंचायत चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त मिली हुई है। कांग्रेस के प्रथम चरण में भाजपा से 12 सदस्य ज्यादा चुनाव जीते हैं।

### रेत के दाम धड़ाम...

इसकी कीमत में भी भारी गिरावट आई है। इस हफ्ते रेत की कीमत में एक से दो हजार रुपए की गिरावट आई है, जिसके बाद प्रति हाईवा मीडियम रेत की कीमत न्यूनतम 12 हजार रुपए पहुंच गई है। रेत की कीमत में आई इस गिरावट के बाद आम लोगों को भी बड़ी राहत मिली है। रायपुर जिले में रेत का कारोबार इन दिनों जोर पकड़ चुका है। जिले की सभी वैध खदानों में इन दिनों रेत का जमकर उत्खनन किया जा रहा है, जिससे थोक एवं चिल्हर बाजार में रेत आसानी से मिल जा रही है। खदानों के साथ ठेकेदारों द्वारा रेत का भंडारण भी किया जा रहा है, जिससे इसकी सप्लाई भी बिना किसी रुकावट के की जा रही है। बाजार में रेत की आवक बढ़ने से इसकी कीमत में भी फर्क पड़ा है। अधिक आवक से रेत की कीमत में तेजी से गिरावट आई है। इन दिनों चिल्हर बाजार में मीडियम रेत 12 रुपए फीट और बारीक रेत 14 रुपए फीट की दर से मिल रही है।

### अवैध उत्खनन से...

धमतरी जैसे जिलों की अवैध रेत परिवहन में संलिप्त कई गाड़ियों को रायपुर के खनिज विभाग की टीम ने निरीक्षण व जांच के दौरान पकड़ा है। इस तरह रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन से भी रायपुर में रेत की सप्लाई बढ़ी है।

### शेष खदानों में जल्द...

तो संबंधित खदानों के ठेकेदारों द्वारा अनुमति का प्रस्ताव भेजे एक वर्ष से अधिक हो गया है, लेकिन किन कारणों से विभाग से अनुमति नहीं मिली है, इस बारे में खनिज विभाग के जिला अधिकारी भी बता नहीं पा रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./549/निविदा/लो.नि.वि./2025 भिलाई-चरौदा, दिनांक 19/02/2025

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | वार्ड क्र. 28 जोन-1 चरौदा में पचरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य | 165053 | रू. 25.00 | 13.03.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक -17.03.2025 समय- सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है।

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए।"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई-चरौदा

Annexure-1

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/1521/न.पा.प./लो.नि.वि./ई-टेण्डर/2024-25 कवर्धा, दिनांक 18.02.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) (1st Call) निविदा आमंत्रित की जाती है -

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| SYSTEM TENDER NO. 165033 Construction of Gaurav path at Lohara by pass to Naveen Bajar, Kawardha | 1069.98 | 11.03.2025 |
| SYSTEM TENDER NO. 165038 Proposed shifting of pipe lines from thakur dev chock to new bus stand, Kawardha | 84.02 | 12.03.2025 |

निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://u.cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद कवर्धा

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक /583/ तक./ न.पा.परि./ 2024-25 दन्तेवाडा, दिनांकः 17/02/2025

-: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एंजेसी / कंपनी / सप्लायर से विभिन्न वार्डो में बोर खनन कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में बोर खनन कार्य मोटर पंप या हैण्ड पंप स्थापना सहित (प्रति बोर अधिकतम 2.50 लाख तक) | 37.50 | 03.03.2025 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक /581/ तक./ न.पा.परि./ 2024-25 दन्तेवाडा, दिनांकः 17/02/2025

-: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एंजेसी / कंपनी/ सप्लायर से निम्नलिखित निर्माण/ मरम्मत कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 09 में पुलिया से कन्या छात्रावास तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 32.27 | 03.03.2025 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**MUNICIPAL COUNCIL DANTEWADA (C.G.)**

e-Procurement Tender Notice (2nd Call)
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No./588 /Tech./N.P.P.D./2024-25 Dantewada, date 17.02.2025

Chief Municipal Officer, Municipal Council Dantewada invites online Tenders on Form "F" (Lump- Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. N. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (Rs. in Lakh) | Earnest Money (Rs. In Lakh) | last Date of Download and upload |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 165036 | EPC, testing, commissioning, trial run for 3 Months after it 9 month Operation & Maintenance including replacement & warranty of all components of 1 Nos STPS of Capacitiy 2.80 MLD with SBR technology including designing, P/L/L/J of RCC NP3 pipes interceptor sewer of Length 123m (400-700 mm Dia),2 Nos Collection chambers, Disposal line of length 100 m (700 mm Dia) and Pumping Station, DI K-9 Pumping main of Length 550 m (300mm Dia) Total length 773 m with all allied components complete on TURN KEY JOB basis. | 531.57 | Rs. 2.66 Lakh | 10.03.2025 |

Note:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of e-Procurement System Help Desk at Toll free no. 18002582502 or through Email ID- helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
3. For more details please download NIT details.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Dantewada
Dist. Dantewada (C.G.)


## शब्द पहेली - 5784



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5


**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 5783 का हल




## सूडोकू नवताल 5794

मध्यम



### सूडोकू नवताल-5793 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# विक्की कौशल! आप क्या हैं..?

एजेंसी मुंबई

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी हाल में रिलीज हुई फिल्म छावा के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। एक्टर की दमदार एक्टिंग के लिए फैंस समेत फिल्म इंडस्ट्री के उनके साथी भी प्रभावित हो गए हैं। विक्की को छावा बने देख आलिया भट्ट भी खुद को एक्टर की तारीफ करने से रोक नहीं पाई। फिल्म छावा में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। जब-जब एक्टर छावा बने स्क्रीन पर नजर आते हैं थिएटर में चिल्लाहट मच जाती है। आलिया ने भी एक्टर की परफॉरमेंस देखकर यही महसूस किया। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर विक्की की तारीफ करते हुए लिखा, 'विक्की कौशल! आप क्या हैं? छावा में आपके परफॉर्मेंस से उबर नहीं पा रही हूं। बता दें कि आलिया और विक्की ने 2018 में मेघना गुलजार की फिल्म राजी में साथ काम किया था।



## 10 मील तक सड़क पर उमड़ा था फैंस का सैलाब

# अपनी इस फिल्म के प्रीमियर पर रो पड़े थे राजेश खन्ना



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में जब-जब सुपरस्टार्स की बात होती है, तो सबसे पहला नाम फिल्म इंडस्ट्री के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का आता है। आज भले ही सुपरस्टार 'काका' हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी अदायगी और फिल्में हमारे जहन में अभी भी जिंदा हैं। राजेश खन्ना ने फिल्म इंडस्ट्री में 60 के दशक में कदम रखा था और 70 के दशक के अंत तक कई सुपरहिट फिल्में दी थीं। राजेश खन्ना फिल्म इंडस्ट्री के वो इकलौते स्टार कहे जाते हैं, जिन्होंने सिनेमा की दुनिया का असली स्टारडम महसूस किया था। लड़कियां राजेश खन्ना के लुक की दिवानी थी और उन पर जान छिड़कती थी. 80 के दशक के अंत तक राजेश खन्ना का स्टारडम धूमिल होता गया और उन्होंने अपने जीवन के उन पलों को याद किया था, जब वह सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे थे।

### जब फैंस की भीड़ को देख रोए थे काका

राजेश खन्ना ने कहा था, 'मैंने महसूस किया था कि मैं ईश्वर के बहुत निकट हूं, मुझे अभी भी वह पल याद है, जब पहली बार मुझे पता चला कि सफलता कितनी आश्चर्यजनक हो सकती है, यह आपको पूरी तरह से परेशान भी कर सकती है और आपको यह आम इंसान ना होने का भी एहसास दिला देती है? फिल्म अंदाज (1971) के ठीक बाद, बैंगलोर में विधानसभा में आयोजित लॉटरी ड्रा में हुआ था, एबी जब आप वहां गए थे, तो हम एक साथ काम कर रहे थे, राजेश खन्ना ने कहा हां, और मुझे याद है। क्योंकि, अंदाज का प्रीमियर था



वहां, पूरी सड़क, (जो लगभग 10 मील लंबी थी) पर फैंस के सिर के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था और उनकी आवाजों की सिर्फ एक ही गूंज थी, जो हमारे कानों में गूंज रही थी। हाहाहाहा... आपको पता है यह नजारा बिल्कुल रोमन के समय के एक दर्शकों से भरे स्टेडियम जैसा था और इस नजारे को देखकर मैं एक बच्चे की तरह रोया था'।

### फिल्म अंदाज के बारे में

बता दें, फिल्म अंदाज (1971) एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म को सलीम जावेद और गुलजार ने मिलकर लिखा था और शोले (1975) के डायरेक्टर रमेश सिप्पी की यह डायरेक्शनल डेब्यू फिल्म थी। फिल्म में राजेश खन्ना के अपोजिट हेमामालिनी थी और इस फिल्म के हिट होने से हेमामालिनी का भी फिल्मी कॅरियर हिट हो गया था।

# 'आप गलत मेसेज दे रही हैं'

**नई दिल्ली।** राधिका आप्टे पिछले साल मां बनी हैं। एक्ट्रेस ने पिछले साल दिसंबर में अपनी बेटी को जन्म दिया। न्यू मॉम राधिका ने हाल ही में बाफ्ता से एक फोटो शेयर की जिसकी वजह से उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक्ट्रेस बाफ्ता अवॉर्ड्स के दौरान वॉशरूम में अपनी बेटी के लिए ब्रेस्ट मिल्क पंप करते दिख रही हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने हाथ में शैंपेन ग्लास पकड़ रखा है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर ये फोटो शेयर करते हुए एक नई मां के तौर पर अपना संघर्ष शेयर किया, लेकिन कुछ ही देर में वो सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गईं। दरअसल, एक्ट्रेस वॉशरूम में अपनी बेटी के लिए ब्रेस्टमिल्क पंप कर रही हैं और वो साथ में एक हाथ में शैंपेन ग्लास पकड़े दिख रही हैं। ये फोटो शेयर करते हुए अंधाधुन फेम एक्ट्रेस लिखती हैं, 'मेरे बाफ्ता की असलीयत। मुझे नताशा का खासतौर पर आभार जताना होगा जिसकी वजह से मैं बाफ्ता अटेंड कर पाई। उसने पूरा शेड्यूल मेरे ब्रेस्टपंपिंग टाइमिंग को ध्यान में रखते हुए बनाया। उसने वॉशरूम में भी मेरा साथ दिया और खासकर के मेरे लिए शैंपेन लाई। एक नई मॉम के तौर पर काम जारी रखना काफी मुश्किल है और हमारी फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी सेंसेटिविटी काफी कम देखने को मिलती है। हम इसकी काफी कदर करते हैं।'



एक्ट्रेस की ये फोटो देखते हुए सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। कई यूजर्स ने एक्ट्रेस की फोटो पर कमेंट करते हुए उन्हें ऐसा न करने की नसीहत दे डाली है। एक नेटिजेन एक्ट्रेस की इस फोटो पर लिखते हैं, 'बच्चे को नशा हो जाएगा मैम'। वहीं, दूसरे ने लिखा, 'आप सोसाइटी को गलत मेसेज दे रही हैं। आपको अपनी फोटो में शैंपेन की ग्लास दिखाने की कोई जरूरत नहीं थी. हम महिलाओं की फ्री विल को शराब के साथ जोड़ रहे हैं।'राधिका आप्टे ने पिछले साल अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट करके सभी को हैरान कर दिया था।

# गुरुदत्त के शादीशुदा जीवन में इस एक्ट्रेस ने मचा दी थी उथल-पुथल, आखिर में न मिला प्यार, न परिवार

**नई दिल्ली।** अभिनय की दुनिया में प्यार, शादी, धोखा और फिर तलाक शुरुआत से ही आम है। फिल्म इंडस्ट्री में बहुत कम कपल हैं, जिनके प्यार को मुकाम मिला है। फिल्मी दुनिया में तो शादीशुदा स्टार्स का दूसरे प्यार पड़ जाना और फिर अपना घर बर्बाद करना आम है। इसमें एक नाम है 50 से 60 के दशक के उस एक्टर का, जिसकी शादीशुदा जिंदगी में आई इस लड़की ने तबाही मचा दी थी। इस एक्टर का परिवार जीते-जी नरक की खाई में डूबने लगा, आखिर में इस एक्टर को ना तो प्यार मिला और ना ही परिवार। कभी यह एक्टर हिंदी सिनेमा की शान हुआ करता था। यह ना सिर्फ एक्टर बल्कि फिल्म डायरेक्टर और निर्माता भी था।

### 1953 में गीता से रचाई शादी

दरअसल, बात कर रहे हैं गुरुदत्त की, जिनका असली नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण था। गरीबी में पले-बढ़े गुरुदत्त 10वीं क्लास से आगे नहीं पढ़ पाए, लेकिन संगीत और कला में रूचि होने के चलते स्कॉलरशिप मिली और उदय शंकर इंडिया कल्चर सेंटर में एडमिशन ले लिया। यहां गुरुदत्त ने डांस सीखा और कोरिग्राफर बन गए। 1946 में फिल्म हम एक में बतौर कोरियोग्राफर करियर की शुरुआत की। साल 1953 में गुरुदत्त ने गीता से शादी रचाई और शादी के चार साल बाद ही गुरुदत की जिंदगी बर्बादी के रास्ते पर आ गई। रिपोर्ट्स की मानें तो गुरुदत्त गुजरे जमाने की एक्ट्रेस वहीदा रहमान के प्यार में पड़ गए थे। इसके बाद गुरुदत्त और गीता के झगड़े हद से ज्यादा बढ़ गए।




### शादी भी टूटी और प्यार भी छूटा

दूसरी तरफ गुरुदत्त की आंखों से वहीदा की तस्वीर नहीं जाती थी। गुरुदत्त वहीदा के प्यार में पत्नी और परिवार सबको भूलते जा रहे थे। गीता ने गुरुदत्त को रंगे हाथ पकड़ने के लिए वहीदा के नाम से एक खत भेजा और पत्र में लिखी लोकेशन पर जब गुरुदत्त अपने दोस्त अबरार संग पहुंचे तो, थोड़ी देर में गीता अपनी सहेली संग वहां पहुंचीं। इसके बाद गुरुदत्त भड़क गए और यहां से दोनों का रिश्ता टूट गया। वहीं, गीता ने वहीदा पर भी खूब भड़ास निकाली थी। गीता ने कहा था जब से वहीदा की हमारी जिंदगी में एंट्री हुई, तबसे हम लोगों की जिंदगी नर्क से बदतर हो गई'। वहीं, कहा जाने लगा कि गुरुदत्त और वहीदा ने धर्म बदल शादी कर ली, लेकिन इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई। गुरुदत्त शराब के नशे में डूबते गए और वहीदा भी दूर होती गईं और एक दिन वह अपने बिस्तर पर बेसुध मिले।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती मनाई जा रही है, इस मौके पर 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' के निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर रिलीज किया है। जो महान योद्धा की शक्ति, भक्ति और वीरता को दिखाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक योद्धा नहीं थे- वह एक दूरदर्शी, एक नेता थे जिन्होंने धर्म और स्वराज्य की अपनी राह को कभी नहीं छोड़ा। द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में कांतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक संदीप सिंह ने कहा, 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अत्यंत गर्व का क्षण है। यह फिल्म उनकी अदम्य भावना को हमारी हार्दिक श्रद्धांजलि है। भारत की नियति को नया आकार देने वाले योद्धा को एक सिनेमाई श्रद्धांजलि है। हमारा लक्ष्य उनकी यात्रा को यथासंभव भव्य तरीके से दिखाना है, यह सुनिश्चित करना कि उनकी विरासत लाखों लोगों के दिलों को रोशन करती रहे।'



# दिमाग और आत्मा से मरा हुआ समाज ...

**मुंबई।** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' इस समय सिनेमाघरों में छाई हुई है। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने अपने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है, जिसमें वह 'छावा'फिल्म पर दर्शकों की आ रही प्रतिक्रियाओं को लेकर टिप्पणी करते हुए उसे महाकुंभ में हुई घटना से जोड़ते हुए कटाक्ष किया है। हाल ही में अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में वह 'छावा' फिल्म को लेकर आ रही प्रतिक्रियाओं पर लिखती हैं कि लोग 500 साल पहले हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को काल्पनिक फिल्मों के जरिए दिखाए जाने पर क्रोधित हो रहे हैं। उन्हें महाकुंभ में खराब प्रबंधन की वजह से भगदड़ में हुई मौतों पर कोई क्रोध नहीं आ रहा है। वहां के शवों को बुलडोजर से हटाया गया। ये समाज दिमाग और आत्मा से मरा हुआ है। 'छावा' फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन की वीरता को दिखाया गया है। फिल्म का अंतिम सीन लोगों को भावुक कर दे रहा है। इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें महाराज पर हुए अत्याचार सीन को देखकर लोग भावुक और क्रोधित हो रहे हैं



# ओटीटी पर 27 फरवरी को आएगी 'आश्रम' सीरीज...

**मुंबई।** बॉबी देओल की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'आश्रम 3-पार्ट 2' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इसके साथ ही अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज की रिलीज डेट भी अनाउंस हो गई है। ट्रेलर से साफ पता चल रहा है कि इस बार पम्मी, बाबा निराला और भोपा के बीच दूरियां पैद करेगी। वह बदले की आग में जलेगी और ये आग बाबा निराला की कहानी को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म कर देगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर पोस्ट कर सीरीज की रिलीज डेट भी बताई है। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने लिखा, 'आपके सब्र का लड्डू आ रहा है 27 फरवरी को। ये सीरीज अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी और वो भी बिल्कुल फ्री।'






## टीवी मसाला



# तेजस्वी प्रकाश ने बनाया लंगर, खुद भी चटकारे लेकर खाती आईं नजर


नई दिल्ली। सोनी लिव एप और सोनी टीवी पर सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया 2025 छाया हुआ है। इस शो में टेलीविजन इंडस्ट्री के जाने-माने चेहरे अपने कुकिंग स्किल्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इसमें दीपिका कक्कड़ से लेकर तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली और राजीव अदातिया जैसे कंटेस्टेंट शामिल हैं। हर दिन इन सेलिब्रिटीज को नए-नए टास्क मिलते हैं। ऐसे में इस बार कंटेस्टेंट ने अपने किचन में कुकिंग स्किल दिखाने की जगह गुरुद्वारा पहुंच कर लंगर बनाया और खुद लंगर का स्वाद भी चखा। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आज हमने गुरुद्वारे में लंगर बनाया। सभी को खिलाया और फिर खुद भी इसका स्वाद चखा. इसमें पूरी, पुलाव, खिचड़ी, पालक पनीर, जलेबी, बूंदी के लड्डू, अचार जैसी सभी तरह की चीजें शामिल हैं। तेजस्वी के साथ राजीव अदातिया, फैजू और अन्य कंटेस्टेंट भी लंगर खाते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर तेजस्वी प्रकाश और सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के कंटेस्टेंट का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और 36 हजार से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं। कुछ यूजर्स सेलिब्रिटीज के कुकिंग स्किल की तारीफ कर रहे हैं तो कोई कह रहे हैं कि ऐसा लंगर तो हम भी चखना चाहेंगे बता दें कि सिलेब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी प्रकाश एक स्ट्रांग कंटेंडर हैं।





आज के दौर में मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। इसका सीधा असर हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। नतीजा, कई तरह की बीमारियों के चंगुल में हम फंसते जा रहे हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें, इस बारे में बहुत जरूरी सुझाव।

# कई बीमारियों की वजह बढ़ता स्क्रीन टाइम



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. हर्षल साल्वे
एडिशनल प्रोफेसर-सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, दिल्ली

चाहे ऑफिस से जुड़ा काम-काज हो या करनी हो स्टडी, ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो या फिर अपनों के साथ चैटिंग, ऐसी अनेक एक्टिविटीज की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ता जा रहा है। यह सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होता है। इसकी वजह से लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं घेरने लगती हैं। इनके बारे में जरूर पता होना चाहिए, ताकि इनसे बचाव किया जा सके।

## सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस

कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ लगातार घंटों काम करते समय अधिकतर लोगों को अपने सही पोस्चर का ध्यान नहीं रहता। टाइपिंग करते समय अक्सर लोगों की गर्दन झुक जाती है, इससे उनकी गर्दन और कंधे में दर्द की समस्या होने लगती है। अगर लंबे समय तक ध्यान न दिया जाए तो इससे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या हो सकती है।

**बचाव के उपाय:** कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर टाइप



करते समय अपनी गर्दन सीधी रखें। लगातार बहुत देर तक काम न करें। हर एक घंटे के अंतराल पर बीच में उठकर पांच से दस मिनट का ब्रेक लें। इससे गर्दन में दर्द की समस्या नहीं होगी।

## ओवरवेट यानी ओबेसिटी

जो लोग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ ज्यादा वक्त बिताते हैं, उनकी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो जाती हैं। साथ ही काम के दौरान होने वाली बोरियत को दूर करने के लिए अधिकतर लोग बिस्किट, चॉकलेट, चिप्स, वेफर्स या जंक फूड्स जैसी अधिक कैलोरी वाली चीजों का सेवन करते हैं, इससे उनका वजन बढ़ जाता है और ओबेसिटी जैसी समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव के उपाय:** चाहे कितनी भी व्यस्तता हो, नियमित एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें। काम के दौरान अगर बीच में हल्की भूख लगे तो मंचिंग के लिए हाई कैलोरी वाले जंक फूड के बजाय फल, भुने चने और मुरमुरे जैसी चीजों का सेवन करें।

## पीठ और कमर में दर्द



कंप्यूटर या लैपटॉप पर टाइप करते हुए अधिकतर लोग अपनी पीठ और कमर के सही पोस्चर का भी ध्यान नहीं रखते हैं। इसी वजह से उनकी पीठ और कमर में दर्द की समस्या होती है। लगातार एक ही मुद्रा में बैठकर काम करना या पीठ को सीधी न रखना इस समस्या की बड़ी वजह है।

**बचाव के उपाय:** चाहे आप बेड पर बैठें या कुर्सी पर आपकी पीठ हमेशा सीधी होनी चाहिए। कुर्सी टेबल पर बैठकर काम करते समय तकिए या कुशन का सहारा लेना चाहिए। इससे पीठ और कमर में दर्द नहीं होगा।

## डायबिटीज-हाई ब्लडप्रेशर-कोलेस्ट्रॉल



स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिना किसी फिजिकल एक्टिविटी के बिताने वाले लोगों के शरीर में अतिरिक्त कैलोरी और फैट का संग्रह होने लगता है। इसी वजह से उनमें डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की आशंका भी बढ़ जाती है।

**बचाव के उपाय:** घी-तेल और चीनी से बने फूड आइटम्स से दूर रहें। नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय जरूर निकालें।

## कलाई और अंगुलियों में दर्द

आजकल लोग घंटों तक मोबाइल पर चैटिंग करते हैं या स्क्रीन स्क्रॉल करके रील्स देखते रहते हैं। इससे उन्हें अंगुलियों और कलाई में दर्द की समस्या भी होती है।

**बचाव के उपाय:** मोबाइल देखने के समय में कटौती करें, जहां तक संभव हो लोगों को टेक्स्ट मैसेज भेजने के बजाय वॉयस नोट भेजें।

## अनिद्रा की समस्या

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और रील्स देखने की लत के कारण अधिकतर लोग देर रात तक जागते हैं, जिससे उनकी नींद पूरी नहीं होती। इससे उनमें चिड़चिड़ापन, थकान और आंखों में जलन जैसी समस्याएं भी होती हैं। नींद की कमी के कारण स्मरण शक्ति भी कमजोर पड़ने लगती है। पाचन संबंधी समस्याएं भी परेशान करती हैं।

**बचाव के उपाय:** रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। रात को सोने से एक घंटे पहले से मोबाइल को स्विच ऑफ कर दें, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन से भी दूर रहें। रात को सोते समय मोबाइल को बेडरूम से बाहर रखें।

## सिर में दर्द


मोबाइल पर लगातार चैटिंग करने से लोगों को सिर में दर्द की समस्या भी होती है। लगातार रील्स स्क्रॉल करते रहने की आदत ब्रेन की सेहत के लिए नुकसानदेह होती है। इससे खास तरह की न्यूरोलॉजिकल समस्या होती है, जिसे ब्रेन रोट प्रॉब्लम कहते हैं। इसमें लोगों को ध्यान केंद्रित करने और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट आती है।

**बचाव के उपाय:** अपने मोबाइल में सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन के बटन को ऑफ रखें। मनोरंजन के लिए किताबें पढ़ना या टीवी देखना ज्यादा बेहतर विकल्प हैं। इसलिए जहां तक संभव हो मोबाइल से दूर रहें।

## मेंटल हेल्थ पर बुरा असर

लंबे समय तक लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने और मोबाइल, लैपटॉप के साथ ज्यादा वक्त बिताने के कारण लोगों में एंग्जायटी, स्ट्रेस, उदासी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा करने वाले लोग इंट्रोवर्ट और उदास रहने लगते हैं। ज्यादा रील्स देखने से सोचने-समझने और निर्णय लेने की क्षमता घटने लगती है।

**बचाव के उपाय:** सचेत तरीके से अपना स्क्रीन टाइम घटाने की कोशिश करें। खाली समय में अकेलापन या उदासी दूर करने के लिए, मोबाइल स्क्रॉल करने से बचें, बल्कि खुद को कुकिंग, बागवानी, पेंटिंग और लेखन जैसे रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखने की कोशिश करें। अपनों से मिलने-जुलने और बातचीत के लिए समय निकालें। ध्यान



रहे, जब भी आप किसी से मिलने जाएं, उस दौरान मोबाइल को अपने पर्स में रख दें। इससे आपके स्क्रीन टाइम में कटौती होगी और आप अपनों के साथ क्वॉलिटी टाइम बिता पाएंगे।

अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगे तो मोबाइल और गैजेट्स के सीमित इस्तेमाल के वाबजूद आपको कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। *

प्रस्तुति: विनीता

### बच्चों का भी बढ़ रहा स्क्रीन टाइम

आजकल एक-दो साल की उम्र से ही लोग रोते बच्चों को बहलाने के लिए उनके हाथों में मोबाइल पकड़ा देते हैं।



इसी वजह से उन्हें मोबाइल की लत लग जाती है और अक्सर वे मोबाइल देखे बिना खाना तक नहीं खाते। ऑनलाइन क्लास और स्टडी की वजह से भी बच्चे लैपटॉप और स्मार्टफोन के साथ काफी वक्त गुजारते हैं। मोबाइल के स्क्रीन से ब्लू लाइट वैसे तो बड़ों के लिए भी नुकसानदेह होती है, लेकिन बच्चों की कोमल आंखों पर इसका ज्यादा बुरा असर पड़ता है।

**बचाव के उपाय:** दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्क्रीन से पूरी तरह दूर रखें। पांच वर्ष के बाद बच्चे मोबाइल तो देख सकते हैं, लेकिन उनका स्क्रीन टाइम 2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार बच्चों को सोने से एक घंटे पहले से ही स्क्रीन न देखने दें। अगर परिवार में बड़े भी यह नियम अपनाएं तो यह उनके लिए फायदेमंद साबित होगा।

### आंखों के लिए भी है बहुत हार्मफुल

**स्क्रीन टाइम** बढ़ने का बुरा असर आंखों पर भी बहुत अधिक पड़ रहा है। मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर या टीवी स्क्रीन के साथ ज्यादा वक्त बिताने की वजह से लोगों की आंखों की मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द महसूस होता है। स्क्रीन पर लगातार देखने के कारण पलकें झपकाने का मौका नहीं मिलता, इससे आंखों की नमी सूखने लगती है। आंखों में ड्राइनेस की समस्या के कारण खुजली, जलन और लालिमा जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**बचाव के उपाय:** आंखों को स्क्रीन से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए 20: 20: 20 का फॉर्मूला अपनाएं। यानी, हर 20 मिनट के अंतराल पर 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर 20 फीट की दूरी पर रखी किसी वस्तु को



देखें। इसके अलावा फोन के स्क्रीन को ज्यादा नजदीक से न देखें। लैपटॉप का स्क्रीन भी लगभग डेढ़ फीट की दूरी पर होना चाहिए। लैपटॉप पर काम करते समय हर 20 मिनट के अंतराल पर अपनी दोनों हथेलियां बंद पलकों पर रखें, इससे आंखों की थकान दूर होगी। ब्राइट लाइट का रिफ्लेक्शन सीधे स्क्रीन पर नहीं होना चाहिए। आप जिस कमरे में रहते हैं, वहां की प्रकाश व्यवस्था संतुलित होनी चाहिए।

ज्यादा तेज या बहुत हल्की रोशनी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदेह होती है, अपने कमरे में हमेशा मीडियम रोशनी का प्रबंध रखें। अगर आंखों में कोई तकलीफ न हो तो भी साल में एक बार आई चेकअप अवश्य कराएं।

- सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली की सीनियर आई स्पेशलिस्ट डॉ. इकेदा लाल

---

घरेलू औषधि / रेखा देशराज

# त्रिदोष नाशक कच्ची हल्दी

हल्दी, भारतीय रसोई के सबसे लोकप्रिय मसालों में से एक है। लेकिन यह एक प्रभावी जड़ी-बूटी भी है। जी हां, आयुर्वेद में हल्दी के सैकड़ों तरह के औषधीय उपयोग हजारों सालों से मौजूद हैं।

**त्रिदोष को करती है दूर:** आयुर्वेद में हल्दी को 'त्रिदोष नाशक' माना गया है। बहुत कम ऐसी चीजें होती हैं, जिनमें वात, पित्त और कफ को संतुलित करने की क्षमता होती है। हल्दी कुछ गिनी-चुनी औषधियों में से है, जिसमें इन तीनों को संतुलित करने का गुण पाया जाता है। इसलिए हल्दी को त्रिदोष नाशक कहा जाता है।

**होते हैं अनेक औषधीय गुण:** जिन्हें सूजन से संबंधित परेशानियां होती हैं, जैसे गठिया आदि में अपने एंटीइंफ्लेमेट्री गुण के कारण हल्दी सूजन को कम करती है और परेशानी से राहत पहुंचाती है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। हल्दी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। हल्दी के सेवन से पाचन में सुधार होता है। यह गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याओं में बेहद



फायदेमंद है। कहीं कट-फट जाए तो हल्दी का पेस्ट ऐसे घावों और संक्रमण को तेजी से ठीक करने में मददगार होती है। दाग, धब्बों, मुहांसों और त्वचा संबंधी दूसरी परेशानियों को हल्दी दूर करती है। हल्दी रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण करने में मदद करती है। इसमें पाया जाने वाला यौगिक करक्यूमिन कैंसररोधी होता है। इसलिए हल्दी के सेवन से कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। हल्दी का पेस्ट त्वचा की जलन, खुजली, एग्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याओं में फायदेमंद होता है। हल्दी को दूध में मिलाकर या काढ़े के रूप में पीने से गले की खराश दूर होती है। सर्दी लगने पर भी फायदेमंद होती है।

**इन बीमारियों में भी है कारगर:** जिन्हें लगातार अपच, एसिडिटी और पेट दर्द की शिकायत रहती है, उन्हें अदरक के साथ मिलाकर कच्ची हल्दी भूनकर चूसना चाहिए या दांतों से चबाकर उसका रस पीना चाहिए। इससे पेट संबंधी ये सारी शिकायतें खत्म हो जाती हैं। हल्दी लिवर को डिटॉक्स करने में और इसकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में बहुत मददगार होती है। जो घाव लंबे समय से भर न रहा हो, उसमें शुद्ध शहद में हल्दी के पावडर को मिलाकर लेप करना चाहिए। डायबिटीज की समस्या में कच्ची हल्दी के रस का सेवन फायदेमंद होता है, क्योंकि यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। हल्दी रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करती है। क्योंकि हल्दी दिमाग की सूजन को कम करती है, इसलिए यह याद्दाश्त सुधारने में मददगार होती है। जिन्हें अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की समस्या हो, उन्हें हल्दी का सेवन करना चाहिए। *

---

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

वैसे तो अधिकांश आसन युवा लोग कर सकते हैं, इसके लाभ उठा सकते हैं। लेकिन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, ऐसा आसन है, जिसे युवा बहुत पसंद करते हैं। इसकी क्या वजह है, इसे करने की विधि, लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# युवाओं का पसंदीदा योगासन पार्श्व उपविष्ठ कोणासन

पार्श्व उपविष्ठ कोणासन, जिसे अंग्रेजी में वाइड एंगल सीटेड फॉरवर्ड बेंड पोज या संक्षेप में साइड सीटेड एंगल पोज भी कहते हैं, युवाओं को सूर्य नमस्कार की तरह सबसे ज्यादा पसंदीदा आसनों में से एक है। शायद इसकी वजह यह भी है कि यह एक ऐसा आसन है, जिसे ज्यादा बूढ़े या अधेड़ लोग मुश्किल से कर पाते हैं और बच्चों को इसे करने की जरूरत नहीं होती। इस तरह यह मूलतः युवाओं का ही आसन माना जाता है, क्योंकि इस आसन के लिए जितनी फ्लेक्सिबिलिटी की जरूरत होती है, उतनी लोच-लचक आमतौर पर युवाओं में ही आसानी से मिलती है।

**इससे होने वाले फायदे:** नियमित रूप से उपविष्ठ कोणासन करने से कई तरह के फायदे होते हैं। इस आसन से पैरों के निचले और भीतरी हिस्से को अच्छा स्ट्रेच मिलता है, जिससे वे सुडौल और टोंड दिखती हैं। इसे करने से पेट के भीतरी अंग भी टोंड और स्टिमुलेट होते हैं। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है। शरीर को रिलैक्स और दिमाग को शांत करता है। इससे साइटिका और अर्थराइटिस की समस्या दूर होती है। इसके अभ्यास से किडनी स्वस्थ और सक्रिय रहती है। यह युवाओं के लिए विशेष रूप से सिक्स पैक एब्स हासिल करने में मददगार होता है। यह अस्थमा से राहत दिलाता है। इससे लोअर बॉडी का फैट कम होता है तथा वजन को कम करता है।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले अपने योगा मैट पर बिल्कुल सीधे होकर बैठ जाएं। अब दोनों पैरों को जितना संभव हो, एक-दूसरे के विपरीत 90 डिग्री के कोण में फैलाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने दोनों पैरों के पंजों को आगे की तरफ झुकाए रखें और दोनों पैरों को जितना सहा जा सकता हो, उतना सीधा करें। इस अवस्था में कमर के नीचे के हिस्से में जितना झुकाव महसूस होगा, उतना ही अच्छे से यह आसन होगा। लेकिन इसे करने के पहले इस बात पर ध्यान दें कि सारे योगाचार्यों ने इस आसन के बारे में खासतौर पर कहा है कि अगर असुविधा महसूस हो रही हो तो इसे तुरंत बंद कर दें। शुरुआती दौर में यह करने के लिए मुलायम गद्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आसन में अपनी दोनों हथेलियों को हिप्स के पीछे योगा मैट पर रखें और लंबी-गहरी सांसें भीतर की तरफ खींचें। कुछ सेकेंड तक



इस स्थिति में रुकें और फिर जब पैरों को अच्छा स्ट्रेच महसूस होने लगे, तब सांस छोड़ते हुए पेट को भीतर की तरफ खींचें और सामने की तरफ झुक जाएं। अब अपने दोनों हाथों को भी धीरे-धीरे सामने की तरफ लाएं। स्पाइन को जितना हो सके स्ट्रेच करें। एक मिनट से ज्यादा इसे न करें। एक मिनट के बाद धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पुरानी सामान्य स्थिति में वापस आएं। घुटनों को मोड़ें और पैरों को फिर से एक साथ सीध में लाएं।

**बरतें सावधानी:** उपविष्ठ कोणासन करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें। इसे तब बिल्कुल न करें, जब रीढ़ की हड्डी में दर्द हो। अगर किसी तरह की गंभीर बीमारी से गुजर रहे हैं तो भी इसे न करें। गर्दन में दर्द हो, कंधों में दर्द की समस्या रहती हो, घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस हो तो यह आसन करने से बचें और करें भी तो किसी योग्य योगाचार्य की मौजूदगी में ही करें। जब तक अच्छी तरह सीख न जाएं, तब तक उपविष्ठ कोणासन योगा ट्रेनर की मौजूदगी में ही करें, कभी अपने आप न करें। जब दक्ष हो जाएं तब अकेले करें। *

---

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

हालांकि ब्लड डोनेशन को लेकर समाज में कई तरह के मिथ प्रचलित हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि ब्लड डोनेशन से कोई नुकसान नहीं होता। इससे कई तरह के फायदे ही होते हैं। इस बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# ब्लड डोनेशन से नहीं होता किसी तरह का नुकसान

समय-समय पर रक्तदान करना यानी ब्लड डोनेशन के बारे में आप जरूर जानते होंगे। इसमें रक्तदान आयोजित करने वाले कैंप्स में ब्लड ग्रुप के अनुसार ब्लड एकत्रित किया जाता है और जब किसी को रक्त की जरूरत हो, तो उसे यह रक्त चढ़ाया जाता है।

**प्रचलित हैं भ्रांतियां:** यह बहुत हैरत की बात है कि रक्तदान करने के नाम पर हमारे समाज में कई मिथ और धारणाएं प्रचलित हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और अपने रक्त को किसी को यूं ही क्यों दान दे दिया जाए की सोच के चलते लोग रक्तदान करने से कतराते हैं। हकीकत में ऐसा नहीं है। रक्तदान करने का मतलब है, किसी को जीवनदान देना। रक्तदान एक ऐसा दान है, जिसे कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। क्या आपको पता है कि आपके एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है?

**क्या है रक्तदान:** रक्तदान करने से पहले रक्तदान करने वाले यानी डोनर के शरीर की कुछ विशेष किस्म की जांच की जाती है और उसके रक्त की गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही उससे रक्तदान कराया जाता है। इसमें डोनर के ब्लड के करीब ढाई सौ मिलीलीटर रक्त की मात्रा को मशीन की सहायता से एक बैग में जमा किया जाता है। इस बैग को परीक्षणों के बाद ब्लड बैंकों में स्टोर कर दिया जाता है और इस जमा ब्लड को मरीज की जरूरत के अनुसार दिया जाता है।



**इसका रखें ध्यान:** अगर आप रक्तदान करना चाहते हैं, तो इसके लिए समय-समय पर विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों द्वारा विभिन्न अस्पतालों में या डिस्पेंसरीज में रक्तदान के कैंप आयोजित किए जाते हैं। जहां जाकर आप रक्तदान कर सकते हैं, इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। चिकित्सक मेडिकल चेकअप के बाद आपका ब्लड लेते हैं। इस प्रक्रिया में 10 से 15 मिनट लगते हैं।

**कौन कर सकता है रक्तदान:** रक्तदान करने के लिए रक्तदाता का सेहतमंद होना जरूरी है। उसका वजन कम से कम 50 किलोग्राम हो और उम्र कम से कम 18 और अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने पर रक्तदान कर सकता है। यदि उस व्यक्ति के घर में किसी को इमरजेंसी में रक्त की जरूरत हो तो एक महीने के बाद भी डॉक्टर उसे रक्तदान की इजाजत दे देते हैं। रक्तदान करते समय रक्त देने वाले का ब्लड प्रेशर, तापमान और नाड़ी की गति सामान्य होनी चाहिए। हीमोग्लोबिन लेवल भी 12.5 से कम नहीं होना चाहिए।


**कौन नहीं कर सकता रक्तदान:** हेपेटाइटेस बी, सी, टीबी, लैप्रोसी, एचआईवी, अस्थमा के मरीज, दिल के मरीज रक्तदान नहीं कर सकते। यदि किसी महिला की डिलीवरी हुई हो या वह बच्चे को दूध पिला रही हो तो उसका भी रक्तदान स्वीकार नहीं होता। मासिक धर्म के दौरान, मिस कैरेज के 6 महीने के भीतर, टैटू, पियर्सिंग कराने के 6 महीने के भीतर ब्लड डोनेट नहीं किया जा सकता। वैक्सीनेशन, एंटीबॉयाटिक, आयुर्वेद, होम्योपैथिक दवाइयों का नियमित सेवन करने वालों को भी रक्तदान के लिए पात्र नहीं समझा जाता।

**ब्लड डोनेशन के फायदे:** विभिन्न अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रक्तदान करने वालों में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। ब्लड प्रेशर में भी कमी आती है, जिससे हार्ट अटैक के खतरे कम होते हैं। यह कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है। रक्तदान करने से पहले बहुत सारी जांचें की जाती हैं, जिससे शरीर में किसी भी किस्म के विकार का पता चल जाता है। रक्तदान का सबसे बड़ा लाभ तो यह होता है कि मन में फील गुड आता है कि हमने समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य किया है और हमारे रक्त से अगर किसी की जान बच जाती है तो यह भी एक पुण्य का कार्य है। *



खबर संक्षेप

## शिवाजी जयंती पर विदेशी मुद्रा बाजार रहा बंद




**मुंबई।** विदेशी मुद्रा बाजार 'छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती' के मौके पर बुधवार को बंद रहेगा। रोज की तरह बाजार में बुधवार को फिर कारोबार शुरू होगा। भारतीय शेयर बाजार में रोज की तरह बुधवार को शेयरों में हुआ कारोबार।

## मित्तल परिवार ने एयरटेल के 8485 करोड़ के शेयर बेचे




**नई दिल्ली।** सुनील भारती मित्तल के परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने बाजार लेनदेन के जरिये एयरटेल के करीब 8,485.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। भारती एयरटेल की प्रवर्तक फर्म भारती टेलीकॉम ने थोक सौदे में आईसीआईएल द्वारा बेची गई कुल बिक्री का लगभग 24 प्रतिशत हिस्सा या 1.2 करोड़ शेयर खरीदे। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

## मवाना शुगर्स के प्रवर्तक को राशि वापस करने का आदेश




**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मवाना शुगर्स के एक प्रवर्तक को कंपनी की प्रतिभूतियों में भेदिया कारोबार के जरिए प्राप्त 6.17 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया। यह आदेश तब आया जब सेबी ने सितंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए मवाना शुगर्स लिमिटेड के प्रवर्तक और विशेष सलाहकार सिद्धार्थ श्रीराम की ट्रेडिंग गतिविधियों की जांच की।

## इस साल कर्मचारियों का वेतन 9.2 फीसदी बढ़ेगा



**नई दिल्ली।** अग्रणी वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और नरम वृद्धि के बीच भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे 2024-25 के अनुसार, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एक स्थिर वृद्धि की ओर अग्रसर है और देश में वेतनवृद्धि 2025 में स्थिर रहने की उम्मीद है।

## हेक्सावेयर टेक का शेयर 5% बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रमुख निजी इक्विटी कंपनी कार्लाइल समूह समर्थित हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 708 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 3.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 731 रुपये पर शुरुआती की। बाद में यह 10.16 प्रतिशत चढ़कर 780 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 5.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 745.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 46,127.06 करोड़ रुपये रहा।

# एमजी विंडसर बनी भारत की बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार, 15 हजार यूनिट का आंकड़ा पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण एमजी विंडसर ईवी है। विंडसर ने अपने लांच के बाद से लगातार बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया है। अब जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि एमजी विंडसर ईवी ने 15,000 यूनिट का प्रोडक्शन माइलस्टोन पार कर लिया है।

एमजी विंडसर ईवी बीते अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही है। विंडसर को हर दिन लगभग 200 बुकिंग्स मिल रही हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कंपनी ने गुजरात के हलोल स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में विंडसर ईवी की कुल 15,000 यूनिट्स का उत्पादन पूरा कर लिया है।

**कंपनी ने बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया**

### एमजी विंडसर की कीमत और खासियत

एमजी विंडसर ईवी की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 14 लाख रुपए से शुरू होकर 16 लाख रुपए (बैटरी के साथ) तक जाती है। इस इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर की सिंगल चार्ज रेंज 331 किलोमीटर तक की है। भारतीय ग्राहकों ने कीमत, फीचर्स और लग्जरी एक्सपीरियंस के कारण विंडसर ईवी को पसंद किया है। इसके अलावा बैटरी को अलग से लीज पर लेने का ऑप्शन, निश्चित समय के बाद कार को वापस बेचने की गारंटी और लाइफटाइम वॉरंटी की सुविधा लोगों को पसंद आ रही है।



### एमजी सेलेक्ट ब्रैंड के जल्द आ रहे हैं दो नए मॉडल

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपने पोर्टफोलियो को और डाइवर्सिफाई कर रही है और जल्द ही प्रीमियम ब्रैंड एमजी सेलेक्ट के तहत एमजी सेयबेस्टर नाम से एक फ्यूचरिस्टिक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार और प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में एमजी एम9 लिमोजीन लांच करने जा रही है। इन दोनों मॉडल की कीमत का खुलासा आने वाले महीनों में कर दिया जाएगा।

### फरवरी में घट सकता है उत्पादन

एमजी मोटर अपनी हलोल फैसिलिटी को अपग्रेड कर रही है, जिससे फरवरी 2025 में प्रोडक्शन धीमा रहेगा। यह कदम एमजी विंडसर ईवी की बढ़ती डिमांड को पूरा करने और नई एमजी सेलेक्ट सीरीज की तैयारी के लिए उठाया गया है। हलोल प्लांट में कुछ मॉडिफिकेशन किए जा रहे हैं।

## भारत की अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही

# अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा असर: एसएंडपी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण यह है कि अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही है जबकि निर्यात पर निर्भरता कम है।*

एशिया-प्रशांत एसएंडपी ग्लोबल के सॉवरेन और इंटरनेशनल पब्लिक फाइनेंस रेटिंग के निदेशक यीफर्न फुआ ने यह भी कहा कि भारत अगले दो साल में 6.7 से 6.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट अगले कुछ वर्षों के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा।

- देश की निर्भरता अब निर्यात पर कम है
- भारत अगले दो साल में 6 .8 फीसदी की जीडीपी दर हासिल करेगा
- बजट वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा




### करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत

मुख्य रूप से करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत के माध्यम से घरेलू मांग और जीडीपी की वृद्धि अब 'टिकाऊ स्तर' पर सामान्य स्थिति में आ रही है। उन्होंने कहा, "सरकार निवेश-आधारित वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधारों पर अधिक-अधिक ध्यान दे रही है। हालांकि, हमें लगता है कि महामारी के बाद पिछले तीन वर्षों में वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत होने के बाद भारत में जीडीपी वृद्धि दर अधिक टिकाऊ होती जा रही है।"

### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, "फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, "फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।

### अमेरिका को निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक


भारत पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, फुआ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक घरेलू उन्मुख है। साथ ही अमेरिका को जो निर्यात हो रहा है, उसमें सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक है, जिसमें शुल्क वृद्धि की संभावना कम है।

### भारत की निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं

फुआ ने कहा, "भारत की वृद्धि के लिहाज से निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं है। इसलिए, मुझे लगता है कि अमेरिकी शुल्क का प्रभाव कमोबेश सीमित होगा। वस्तुओं के मामले में जिन क्षेत्रों पर अधिक शुल्क लग सकता है उनमें आभूषण, औषधि, कपड़ा और रसायन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत से औषधि पर अधिक शुल्क नहीं लगा सकता है क्योंकि इससे उसके अपने देश में स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाएगी।

# घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 28 अंक व निफ्टी 12 अंक के नुकसान में रहा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 28 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 12 अंक नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 28.21 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,939.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 12.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस दो-दो प्रतिशत नीचे आए। इसके अलावा, मुख्य रूप से हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट रही। लाभ में रहने वाले शेयरों में जोमैटो करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी मुनाफे में रहे।

*बाजार सीमित दायरे में रहा*

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "मानक सूचकांक सीमित दायरे में रहे। इनमें मामूली गिरावट का रुख रहा।*

### अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयर टूटे

अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3.75 प्रतिशत, समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 1.78 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 1.36 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज में 1.36 प्रतिशत, एसीसी में 0.93 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 0.90 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 0.81 प्रतिशत, अदाणी पावर में 0.47 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 0.28 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 4.25 प्रतिशत और अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.30 प्रतिशत तक गिर गया था। हालांकि, एनडीटीवी के शेयर में 1.35 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस के शेयर में 0.54 प्रतिशत की तेजी आई।

## महाकुंभ 2025 के आयोजन में भारतीय रेलवे की अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रयागराज

महाकुंभ 2025 का आयोजन अब तक एक विशाल धार्मिक समागम बन चुका है, जिसमें 53 करोड़ पवित्र स्नान हो चुके हैं। हर दिन लाखों श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेने के लिए आते हैं और भारतीय रेलवे ने उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन के लिए कई प्रमुख पहल की हैं। इसमें 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा और यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 9 रेलवे स्टेशनों पर नए प्रवेश द्वार, 48 प्लेटफॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज बनाए गए हैं। इसके साथ ही टिकटिंग व्यवस्था और सुरक्षा के लिए 151 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग पॉइंट्स और 554 टिकटिंग व्यवस्था की गई है, जबकि 13,000 रेलवे सुरक्षा बल और 10,000 सरकारी रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

### पहले 10 माह में डीओसी निर्यात नौ प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** भारत का डी-आयल्ड केक (डीओसी) का निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान नौ प्रतिशत घटकर 36 लाख टन रह गया है। इस गिरावट का कारण रैपसीड डीओसी और अरंडी डीओसी के निर्यात की खेप का घटना है।

# एलआईसी ने 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मंगलवार को एकल प्रीमियम वाली 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की।यह योजना एक व्यक्ति के साथ ही संयुक्त रूप से पेंशन के लिए कई तरह के विकल्प उपलब्ध कराती है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने इस योजना को पेश किया। इस मौके पर वित्त मंत्रालय और एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि पॉलिसी की शर्तों के अनुसार आंशिक या पूर्ण निकासी के लिए कई नकदी विकल्प उपलब्ध हैं। पेंशन योजना के तहत न्यूनतम खरीद मूल्य एक लाख रुपये है।

## एलजी ने अपने आईपीओ के लिए रोड शो किया शुरू

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए रोड शो शुरू कर दिया है। आईपीओ के तहत जहां दक्षिण कोरियाई 'चैबोल' 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मुंबई में रोड शो किया और कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसके जरिये 1.5 अरब डॉलर तक जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एलजी की संभावित निवेशकों को लुभाने के लिए अन्य शहरों में भी इसी तरह का रोड शो आयोजित करने की योजना है।

# जापान के निर्यात, आयात में जनवरी में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| टोक्यो



- जापान ने 18 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया
- जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 फीसदी अधिक

जापान ने जनवरी में 2760 अरब येन (18 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। यह राशि जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी, पिछले महीने निर्यात कुल 7860 अरब येन (52 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।


मशीनरी, चिकित्सीय सामान और जहाजों सहित विभिन्न उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। आयात कुल 10620 अरब येन (70 अरब डॉलर) रहा, जो जनवरी 2024 की तुलना में 16.7 प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, कंप्यूटर और फलों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के आयात में वृद्धि हुई, क्योंकि मांग में वृद्धि हुई जबकि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले येन कमजोर हुआ। जापान में उपभोग अपेक्षाकृत मजबूत बने रहने की उम्मीद है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा शुल्क लगाए जाने की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं।जापान ने अमेरिका के साथ लगभग 477 अरब येन (तीन अरब डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, क्योंकि विद्युत उपकरण, कार और कच्चे माल जैसी वस्तुओं के निर्यात में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। जापान, अमेरिका से अनुरोध कर रहा है कि वह उसे अपनी जवाबी शुल्क की नीति से बाहर रखे। साथ ही इस्पात तथा एल्युमीनियम पर लगे शुल्क भी उस पर लागू न किए जाएं। हालांकि, अभी इसको लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। अमेरिका लंबे समय से जापान के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है।

### आर्थिक सुधार की प्रक्रिया जारी

आईएनजी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री मिन जू कांग ने कहा, "जापान के व्यापार आंकड़े मौजूदा तिमाही में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया जारी होने का संकेत देते हैं। निर्यात में उछाल से बड़ी चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं, खास तौर पर अमेरिकी शुल्क का डर...।'

### हुंडई मोटर निर्यात के लिए भारत को बनाएगी केंद्र

नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने कहा है कि कंपनी अफ्रीका और पड़ोस के उभरते बाजारों को निर्यात के लिए खुद को एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है। कंपनी अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने पर विचार कर रही है, क्योंकि लाल सागर और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में निर्यात के संबंध में उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



## ट्रंप की शुल्क लगाने की धमकी के बाद सोना बना सुरक्षित निवेश

# सोना फिर 89,400 रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- चांदी में 600 रुपए की तेजी, 99600 रुपए प्रति किलो

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 14 फरवरी को स्थानीय बाजारों में यह 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

*निवेशकों को फेड की घोषणा का इंतजार*

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, "निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की जनवरी की मौद्रिक नीति बैठक के ब्योरे का इंतजार कर रहे हैं।*



### सोने में वायदा कारोबार रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर बढ़कर 2,960.99 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया। पिछले सप्ताह वैश्विक बाजारों में यह 2,968.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एशियाई कारोबार के घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 33.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

पिछले सत्र में यह 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए शुल्क की धमकियों के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने और सतत लिवाली के साथ-साथ बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बुधवार को सोने में तेजी जारी रही। चांदी का भाव भी बुधवार को 600 रुपये बढ़कर 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

### इस साल अब तक सोना 10,010 रुपए बढ़ा

इस साल अबतक सोने का भाव 10,010 रुपये यानी 12.6 प्रतिशत बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि एक जनवरी को सोने का भाव 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 900 रुपये की तेजी के साथ 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

**वैश्विक अनिश्चितता से सोना मजबूत**

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस), जतिन त्रिवेदी ने कहा, "सोने में तेजी जारी रही। शुल्क के कारण वैश्विक अनिश्चितता ने सोने की स्थिति को सुरक्षित-संपत्ति के रूप में मजबूत किया है, बैंकों और कोषों ने अधिक आवंटन बनाए रखा है।"

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (2nd Call)**

NIT NO/271/EE/FILTER PLANT/2025 RAIPUR DATED: 19/02/2025

Online bids are invited for the following works up to **11/03/2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (In Rs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 165058 | प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से फिल्टर प्लांट के अंतर्गत वर्कशॉप एवं पुराने प्लांट के संचालन हेतु 31 कुशल व 02 अर्द्धकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। (कुशल - 31 एवं अर्द्धकुशल - 02 ) | 56,76,300.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **19/02/2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**EXECUTIVE ENGINEER**
**FILTER PLANT**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**

# न्यूजीलैंड का जीत से आगाज पाकिस्तान को मिली बड़ी हार






एजेंसी ▶▶| कराची

सलामी बल्लेबाज विल यंग और कप्तान टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में बुधवार को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाए जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 320 रन बनाए।

■ चैंपियंस ट्रॉफी : विल यंग और कप्तान टॉम लैथम ने ठोके शतक

ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाए।

पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और सउद शकील प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे फखर जमां 41 गेंद में 24 रन ही बना सके। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में उसे दो बार हराया।

## स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यंग का अशरफ बो नसीम | 107 | 113 | 12 | 1 |
| डेवोन कोंवे बो अहमद | 10 | 17 | 2 | 0 |
| विलियमसन का रिजवान बो नसीम | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मिचेल का शाहीन बो रऊफ | 10 | 24 | 0 | 0 |
| टॉम लैथम नाबाद | 118 | 104 | 10 | 3 |
| फिलिप्स का फखर बो रऊफ | 61 | 39 | 3 | 4 |
| मिचेल ब्रासवेल नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, योग : 50 ओवर में 320/5
गेंदबाजी : शाहीन 10-0-68-0, नसीम 10-0-63-2, अहमद 10-0-47-1, रऊफ 10-0-83-2, शाह 7-0-40-0, आगा 3-0-15-0.

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शकील का हेनरी बो ओराउरकी | 06 | 19 | 0 | 0 |
| आजम का केन बो सेंटनेर | 64 | 90 | 6 | 1 |
| रिजवान का फिलिप्स बो ओराउरकी | 03 | 14 | 0 | 0 |
| फखर जमां बो ब्रेसवेल | 24 | 41 | 4 | 0 |
| आगा का ब्रेसवेल बो स्मिथ | 42 | 28 | 6 | 1 |
| ताहिर का विलियमसन बो सेंटनेर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| शाह का ब्रेसवेल बो ओराउरकी | 69 | 49 | 10 | 1 |
| अफरीदी का लैथम बो हेनरी | 14 | 13 | 0 | 1 |
| नसीम शाह बो हेनरी | 13 | 5 | 0 | 1 |
| रऊफ का मिचेल बो सेंटनेर | 19 | 10 | 0 | 3 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, योग : 47.2 ओवर में 260/10
गेंदबाजी : हेनरी 7.2-1-25-2, ओराउरकी 9-0-47-3, ब्रेसवेल 10-1-38-1, फिलिप्स 9-0-63-0, सेंटनेर 10-0-66-3, स्मिथ 2-0-20-1.

**चैंपियंस ट्रॉफी**
मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 2.30 बजे

# दो बार के चैंपियन भारत का पलड़ा भारी, बांग्लादेश से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

दो बार का चैंपियन भारत चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत से आगाज करने उतरेगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन गेंदबाजी इकाई को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। शुभ संकेत यह है कि कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला में क्रमशः 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़कर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू श्रृंखला से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है।



### टीम चयन बनी चुनौती

भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे।

### अर्शदीप-राणा में एक दावेदार

गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### हमने दो स्पिनर और तीन ऑलराउंडर चुने

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को चैंपियन्स ट्रॉफी टीम में पांच स्पिनरों को चुनने का बचाव करते हुए कहा कि उनमें से तीन ऑलराउंडर हैं जो उनकी टीम में काफी अहमियत रखते हैं। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जबकि स्पिन विभाग में अन्य विकल्प रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर हैं जो सभी बहुत सक्षम बल्लेबाज हैं। टीम में मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के रूप में तीन तेज गेंदबाजी विकल्प हैं जबकि हार्दिक पंड्या एकमात्र तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं।

### बांग्लादेशी टीम कमजोर

भारत इस बात से सांत्वना ले सकता है कि बांग्लादेश भी उथल-पुथल से गुजर रहा है और शाकिब अल हसन जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से कमजोर हो गया है। हालांकि भारत कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहेगा क्योंकि बांग्लादेश ने अतीत में वैश्विक प्रतियोगिताओं में उसे परेशान कर चुका है।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश** : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

# कराची स्टेडियम खाली...पाकिस्तान का उड़ा मजाक




पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का ओपनिंग मुकाबला बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला गया। मैच के दौरान स्टेडियम पूरी तरह खाली देखा गया। इसको लेकर पाकिस्तान का जमकर मजाक बन रहा है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी पाकिस्तान का मजाक बनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते लिखा, 'पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी हो रही है, ये देखकर अच्छा लग रहा है। 1996 के बाद यह पहला (पाकिस्तान में) बड़ा टूर्नामेंट है। क्या वो स्थानीय लोगों को बताना भूल गए कि टूर्नामेंट शुरू हो गया है... भीड़ कहां है?'

# शुभमन बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी ▶▶| दुबई




भारत के उप कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। गिल ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा है।

गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं जबकि बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को प्रो लीग रिटर्न मैच में हराया

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर




भारतीय हॉकी टीम ने गुरजंत सिंह के शानदार फील्ड गोल की मदद से विश्व चैंपियन जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न मैच में बुधवार को 1-0 से हरा दिया।

इससे पहले जर्मनी ने मंगलवार को भारत को 4-1 से मात दी थी। गुरजंत ने खेल के चौथे ही मिनट में गोल कर दिया। भारतीय टीम ने मंगलवार के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए जबर्दस्त खेल दिखाया। पहले ही मिनट से भारत ने दबदबा बना लिया और चौथे क्वार्टर के अलावा जर्मन टीम को हमले करने के मौके ही नहीं दिए। जर्मनी को आखिरी क्वार्टर में पांच और कुल सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद दिखा। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उन पर गोल नहीं हो सके।



# कभी देखा है तारों का महाकुंभ, 1 ट्रिलियन स्टार्स का ये वीडियो देखकर पलक नहीं झपक पाएंगे

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

एंड्रोमेडा गैलेक्सी हमारी मिल्की वे गैलेक्सी की सबसे करीबी और सबसे बड़ी सर्पिल गैलेक्सी हैं। इसे एम 31 या एनजीसी 224 भी कहा जाता हैं। यह गैलेक्सी पृथ्वी से लगभग 2.5 मिलियन प्रकाश-वर्ष दूर मौजूद है और नग्न आंखों से दिखाई देने वाली सबसे दूर की आकाशगंगा मानी जाती हैं। इसकी संरचना मिल्की वे से काफी मिलती-जुलती है, लेकिन यह आकार में दोगुनी बड़ी हैं।

### एंड्रोमेडा गैलेक्सी का नया वीडियो

इस गैलेक्सी में लगभग एक ट्रिलियन तारे हैं, इनकी तस्वीरें काफी दिलकश हैं। इसका केंद्र अत्यधिक चमकदार और घना हैं। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें इस गैलेक्सी का दिलकश नजारा दिखाई दे रहा हैं। वायरल हो रही वीडियो में देखा जा सकता है कि कितनी बड़ी तादाद में वहां तारे मौजूद हैं। हालांकि, जैसे-जैसे वीडियो को जूम आउट करते हैं तो सितारे मर्ज हो जाते हैं।



### हमारी गैलेक्सी के नजदीक आ रही है एंड्रोमेडा

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि एंड्रोमेडा गैलेक्सी धीरे-धीरे हमारी मिल्की वे की तरफ बढ़ रही हैं। रिसर्च बताती है कि लगभग 4.5 अरब वर्षों के बाद यह मिल्की वे से टकरा सकती है, जिससे एक नई और विशाल अंडाकार गैलेक्सी का निर्माण होगा। हालांकि, यह टकराव किसी विनाशकारी विस्फोट की तरह नहीं होगा, बल्कि गैलेक्सियों के तारों के बीच पर्याप्त दूरी होने की वजह से वे एक-दूसरे से गुजरेंगी और आपस में मिल जाएंगी। इस घटना को खगोलशास्त्र में गैलेक्सीय विलय कहा जाता हैं।

### किसने की थी एंड्रोमेडा गैलेक्सी की खोज?

एंड्रोमेडा गैलेक्सी की खोज प्राचीन खगोलविदों ने की थी, जो इसे एक धुंधली वस्तु के रूप में देखते थे। 18वीं शताब्दी में खगोलशास्त्री चार्ल्स मेसियर ने इसे अपने मशहूर मेसियर कैटलॉग में शामिल किया और इसे एम31 नाम दिया। 20वीं सदी में एडविन हबल ने पुष्टि की कि यह हमारी मिल्की वे से बाहर मौजूद एक अलग गैलेक्सी हैं। एंड्रोमेडा का नाम ग्रीक पौराणिक कथा की राजकुमारी एंड्रोमेडा के नाम पर रखा गया हैं।

# क्या फट जाएगी पृथ्वी? समुद्र में समा जाएंगे कई देश, वैज्ञानिकों की बढ़ी चिंता

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

पृथ्वी के अंदर लगातार हो रहे बदलाव ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। यह बदलाव इंसानों के लिए भले ही लाखों करोड़ों सालों में हो, लेकिन प्रकृति के लिए यह बदलाव तूफान की रफ्तार से हो रहे हैं। नए अध्ययन में बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पता चला है कि अफ्रीका में एक बड़ी दरार लगातार बढ़ती जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के सतह के नीचे काफी तेजी से गहरे बदलाव होते जा रहे हैं।

टेक्टोनिक फोर्स तेज रफ्तार से जमीन को एक नया आकार दे रही हैं, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। इस बदलाव का नतीजा यह है कि धरती पर एक नए महासागर का निर्माण हो सकता है। वैज्ञानिकों ने खोज की है कि अफ्रीका के फटने से दुनिया में एक नया महासागर बनेगा। पृथ्वी के अंदर हो रहे इस बदलाव पर वैज्ञानिक बारीकी से नजर रख रहे हैं। इसके अलावा भी हमारे पैरों के नीचे क्या बदलवा हो रहे हैं, वैज्ञानिक उसका पता लगाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं।

वैज्ञानिकों मानते हैं कि अफ्रीका महाद्वीप पूरी तरह से टूट ने बाद नए महासागर का निर्माण होगा। इससे पृथ्वी का नक्शा हमेशा के लिए बदल जाएगा। दुनिया का भविष्य बदल जाएगा, जिसके असर काफी गहरे होंगे। वैज्ञानिकों ने शोध के दौरान पता लगाया कि अफ्रीका महाद्वीप एक भारी परिवर्तन से गुजर रहा है। इसके साथी ही टेक्टोनिक फोर्स एक नये महासागर का निर्माण कर रही हैं। मोजाम्बिक से लाल सागर तक फैला एक विशाल नेटवर्क, पूर्वी अफ्रीकी दरार प्रणाली से पृथ्वी पर एक नया बदलाव हो रहा है।



### बदल सकता है समुद्र का जलस्तर

वैज्ञानिकों का दावा है कि इस दरार से एक नए महासागर का निर्माण होगा। इससे पूर्वी अफ्रीका के कुछ इलाके मुख्य अफ्रीका से अलग हो जाएंगे और समुद्र का जलस्तर भी बदल सकता है। इसके कारण जांबिया और युगांडा जैसे कुछ देश समुद्र से जुड़ जाएंगे, तो वहीं कुछ छोटे द्वीपीय देश समुद्र में समा सकते हैं। इससे भूगोल में भारी बदलाव होगा। इससे प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ने की संभावना है। इससे वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ गई है। इस प्राकृतिक घटना से भविष्य में भयानक तबाही आ सकती है जिससे कई देशों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### करोड़ों सालों में पूरी होने थी प्रक्रिया, लेकिन...

पहले इस प्रक्रिया को पूरा होने में करोड़ों साल लगने वाले थे, लेकिन अब वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले 10 लाख सालों या उससे भी कम समय में अफ्रीका पूरी तरह से दो भागों में बंट सकता है। अफ्रीकी और सोमाली टेक्टोनिक प्लेटें 0.8 सेंटीमीटर की दर से हर साल अलग हो रही है। इसके कारण पूर्वी अफ्रीका की जमीन कमजोर होती जा रही है, जिससे दरारें बन रही हैं। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इथियोपिया के अफार इलाके में 60 किलोमीटर लंबी और 10 मीटर गहरी दरार बन चुकी है। आने वाले समय में यह दरार पूरे अफ्रीका को दो भागों में बांट सकती है, जिससे एक नए महासागर का निर्माण हो सकता है। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि यह प्रक्रिया पूरी होने पर अफ्रीका का नक्शा बदल जाएगा। पूर्वी अफ्रीका का एक बड़ा इलाका मुख्य महाद्वीप से अलग हो जाएगा।

# साल में सिर्फ 1 दिन खुलने वाला मंदिर, यहां शिवलिंग नहीं बरगद के पेड़ की होती है पूजा!

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तमिलनाडु का बोडू अवुदैयार मंदिर साल में सिर्फ एक दिन खुलता है, जहां भगवान शिव की पूजा शिवलिंग की बजाय बरगद के पेड़ के रूप में होती है। भक्त यहां विशेष चढ़ावा चढ़ाते हैं और आस्था रखते हैं।

**बोडू अवुदैयार मंदिर :** तमिलनाडु के तंजावुर जिले में स्थित एक ऐसा मंदिर है, जो पूरे साल बंद रहता है और सिर्फ कार्तिगई महीने के सोमवार को ही खुलता है। यह मंदिर है बोडू अवुदैयार मंदिर, जो अपनी अनूठी परंपराओं और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। भक्तों का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव स्वयं प्रकट हुए थे और तभी से यह स्थान आस्था का बड़ा केंद्र बन गया।



### नाम की दिलचस्प कहानी

इस मंदिर का नाम बोडू अवुदैयार मंदिर कैसे पड़ा, इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, दो महान ऋषि वनगोबर और महागोबर गहरे ध्यान में लीन थे और यह चर्चा कर रहे थे कि ईश्वर तक पहुंचने का सबसे श्रेष्ठ मार्ग क्या है गृहस्थ जीवन या संन्यास? तभी भगवान शिव श्वेत आक के वृक्ष के नीचे प्रकट हुए और उन्होंने ऋषियों को यह संदेश दिया कि सच्चे सिद्धांतों का पालन करने वाला व्यक्ति न तो किसी से श्रेष्ठ होता है और न ही निम्न।

### सिर्फ एक दिन खुलते हैं मंदिर के द्वार!

यह मंदिर सालभर बंद रहता है और सिर्फ कार्तिगई महीने के सोमवार को ही इसके द्वार भक्तों के लिए खोले जाते हैं। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव अपने गणों के साथ इस मंदिर के वेल्लाल वृक्ष के नीचे आए और फिर उसी वृक्ष के साथ एक हो गए। इस वजह से हर साल मध्य रात्रि को मंदिर के द्वार खुलते हैं और विशेष पूजा होती है। अन्य दिनों में यह मंदिर पूरी तरह बंद रहता है।

## चिड़ियाघर में नहीं था जेब्रा तो गधे के साथ ही कर दिया खेल

**बीजिंग।** चिड़ियाघर में लोग अलग-अलग जानवरों को देखने के लिए जाते हैं। कभी-कभी ऐसा होता कि पिजड़े में जानवर नहीं होते हैं, तो लोग निराश होते हैं। चिड़ियाघर में जानवरों को दूसरी जगहों से लाकर रखा जाता है, ताकि उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या लोग आएं। फर्जी सामानों के महशूर चीन ने अब चिड़ियाघर में भी फर्जीवाड़ा किया है। चीन का यह सच सामने आने के बाद लोग उसका मजाक उड़ा रहे हैं। चिड़ियाघर में इस फर्जीवाड़े को लोग आसानी समझ सकते हैं। दरअसल, चीन के एक चिड़ियाघर में जेब्रा नहीं होने पर जेब्रा नहीं होने पर उन्होंने गधे को ही जेब्रा बना दिया। गधे को सफेद और काले पेंट से रंग दिया। उसके ऊपर उन्होंने जेब्रा जैसी धारियां बना दी, लेकिन गधे को इतनी बुरी तरह से पेंट किया गया था कि देखकर कोई भी क्रोधित हो जाए। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि गधे की शरीर से रंग भी निकलना शुरू हो गया है।




## शोध में सामने आया कब खत्म होगा जीवन


एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया के खत्म हो जाने पर वर्षों से अलग-अलग दावे किए जाते रहे हैं। इसमें एक तरफ वैज्ञानिकों के अनुमान हैं तो कयामत आने पर कई धार्मिक मत भी रहे हैं। इस पर अब एक नया दावा सामने आया है। ब्रिटेन की ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के एक सुपर कंप्यूटर सिमुलेशन के हिसाब से 25 करोड़ साल बाद धरती इंसानों समेत सभी स्तनधारियों के रहने लायक नहीं रहेगी। यानी धरती से जिंदगी खत्म हो जाएगी। जीवन के खत्म होने की वजह बेतहाशा गर्मी, ज्वालामुखी विस्फोट और एक गर्म महाद्वीप बनेगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक सुपर कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए धरती के भविष्य की एक झलक दिखाई है। ये बताता है कि धरती के सभी महाद्वीप मिलकर अगले 25 करोड़ वर्षों में एक नया महाद्वीप पैंजिया अल्टिमा बनाएंगे। इससे तापमान 50C के ऊपर पहुंच जाएगा। ज्वालामुखी से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड और सूरज की तेज गर्मी से हालात और भी बदतर होंगे। ये धरती को ऐसी जगह में बदल देगा, जहां नमी बढ़ने से पसीना नहीं सूखेगा और इंसान इससे पार नहीं पा सकेगा। ऐसे में सिर्फ ध्रुवीय और तटीय इलाके ही रहने लायक बचेंगे।

# पृथ्वी का 92 प्रतिशत हिस्सा बन जाएगा आग का गोला

## बढ़ जाएंगी ज्वालामुखियों की गतिविधियां



रिपोर्ट के मुताबिक, पैंजिया अल्टिमा का जमीनी हिस्सा इतना बड़ा होगा कि समुद्र का प्रभाव कम हो जाएगा। समुद्र धरती के तापमान को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में धरती की सतह बहुत ज्यादा गर्म हो जाएगी। इसके अलावा ज्वालामुखियों की गतिविधियां भी बढ़ जाएंगी, जिससे वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ेगी। यह ग्रीनहाउस प्रभाव को बढ़ाएगा तो गर्मी और बढ़ेगी। सूरज की तेज रोशनी इसे बढ़ाते हुए धरती को आग के गोले में बदल देगी।

### ध्रुवों और तटीय इलाकों में ही जीवन हो सकता है संभव

अध्ययन के मुताबिक, धरती का 92 प्रतिशत हिस्सा रहने लायक नहीं रहेगा। सिर्फ ध्रुवों और तटीय इलाकों में ही जीवन संभव हो सकता है। इस शोध का हिस्सा डॉक्टर अलेक्जेंडर फार्नस्वर्थ का कहना है कि ये स्तनधारियों के लिए तिहरी मार साबित होगी।। उनको लिए तेज गर्मी, उमस और ज्वालामुखी विस्फोट मिलकर जानलेवा हालात पैदा करेंगे। डॉक्टर अलेक्जेंडर का कहना है कि ऐसी स्थिति में जिंदा रहने के लिए या तो गर्मी सहने की क्षमता विकसित करनी होगी या फिर तकनीक का सहारा लेना होगा। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में इंसान जमीन के नीचे शहर बसा लें ताकि सतह की गर्मी से बच सकें या फिर रेगिस्तानी जानवरों की तरह रात में ही बाहर निकलें। एक्सपर्ट डॉक्टर हन्ना डेविस का मानना है कि जीवन किसी ना किसी रूप में बना रहेगा। बड़े पैमाने पर विनाश संभव है लेकिन जीवन रास्ता निकाल लेगा।

## गर्ल्स स्कूल में छात्राओं के साथ प्राचार्य व शिक्षकों ने किया डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

क्षेत्र में गुरु शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। स्कूल में बच्चियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में भोजपुरी अश्लील गानों पर स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों ने भी जमकर ठुमके लगाए है। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो जारी होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और डीईओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि इन दिनों क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्कूल के प्राचार्य रामनाथ नायक और पुरुष शिक्षक, छात्राओं के साथ भोजपुरी गानों पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो 14 फरवरी का बताया जा रहा है। स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। विदाई समारोह समाप्त होने के बाद छात्राओं ने डांस करना शुरू कर दिया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि छात्राओं के इस डांस में स्कूल के प्राचार्य और पुरुष शिक्षक भी शामिल हो गए। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया और अब वीडियो को वायरल कर दिया।







## डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ियों में लगी भीषण आग

**राजनांदगांव।** जिले की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ियों में बुधवार की देर शाम भीषण आग लग गई। पहाड़ में लगे घने पेड़ आग की चपेट में आ गए जिससे और तेजी से फैलने लगी। आग इतनी भयानक थी कि शहर के किसी भी इलाके से इसे देखा जा सकता था। आग का विकराल रूप देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की वजह से पूरे इलाके और पहाड़ी पर धुएं का गुबार छा गया। आग का विकराल रूप देखकर स्थानीय लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार



शुरुआत में उन्हें पहाड़ी पर एक तेज रोशनी की चमक दिखी, जिसके बाद वहां पर आग की लपटें बढ़ने लगी। आग की लपटों को भड़कता देख इलाके में दहशत का माहौल था। शहर के विभिन्न हिस्सों से भी आग साफ तौर पर दिखाई दे रहा था।

### दमकल अमला आग को काबू करने में जुटा

आशंका जताई जा रही है कि असामाजिक तत्वों द्वारा इस आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल अमला घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाने की कवायद में जुट गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com